दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 09 | सीकर, शनिवार 07 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# कुर्की के बाद भी जमीन बिक गई

## अब कलेक्टर समेत 6 अधिकारी आयोग में होंगे पेश

### अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट नहीं मिलने और राशि वापस न करने का मामला, 13 मार्च को सुनवाई





नवयत्न

**झुंझुनू।** मंड्रेला रोड स्थित अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट समय पर तैयार नहीं होने और उपभोक्ताओं की जमा राशि वापस नहीं मिलने का मामला अब और पेचीदा हो गया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मामले को गंभीर मानते हुए जिला कलेक्टर सहित छह अधिकारियों को सम्मन जारी कर 13 मार्च को सुनवाई के लिए तलब किया है।

अपने घर का सपना लेकर योजना में राशि जमा करवाने वाले उपभोक्ता लंबे समय से न्याय के लिए भटक रहे हैं। कभी नगर परिषद के चक्कर लगाए तो कभी जिला अधिकारियों के कार्यालयों के, लेकिन समाधान नहीं मिला। इसके बाद पीड़ितों ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली। आयोग ने कई बार नगर परिषद झुंझुनूं, उपखंड अधिकारी और जिला प्रशासन को हस्तक्षेप कर मामले का समाधान कराने के निर्देश दिए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने पूर्व में आदेश जारी कर उपखंड अधिकारी को नगर परिषद की भूमि कुर्क करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद तहसीलदार झुंझुनूं ने नगर परिषद के स्वामित्व वाली भूमि को कुर्क करते हुए उस पर बोर्ड भी लगवाए। आरोप है कि कुर्क की गई इसी भूमि को बाद में नगर परिषद ने बेच दिया, जबकि नियम अनुसार उससे प्राप्त राशि या तो उपभोक्ता आयोग में जमा कराई जानी चाहिए थी या उपभोक्ताओं को दी जानी चाहिए थी। उपभोक्ताओं की शिकायत पर आयोग ने मामले को गंभीर मानते हुए 6 मार्च को जिला कलेक्टर झुंझुनूं, उपखंड अधिकारी झुंझुनूं, नगर परिषद आयुक्त झुंझुनूं और पूर्व उपखंड अधिकारी सहित छह अधिकारियों को सम्मन जारी कर 13 मार्च को सुनवाई के लिए तलब किया है। झुंझुनूं जिले में जिला कलेक्टर को इस प्रकार उपभोक्ता आयोग के समक्ष तलब करने का यह पहला मामला माना जा रहा है। आयोग के आदेश के अनुसार उपभोक्ताओं को जमा की गई राशि ब्याज सहित लौटाना या फ्लैट उपलब्ध कराना अनिवार्य है। वहीं कुर्क की गई भूमि का बेचान करना भी कानूनन उचित नहीं माना जा रहा है।

#### फैक्ट फाईल

- 30 नवंबर 2017 तक तैयार करके देने थे फ्लैट्स
- 2019 में नगर परिषद एवं असाही इंफ्रास्ट्राक्चर ने हाईकोर्ट से मांग कर मध्यस्थता के लिए सोल आर्बिट्रेटर की नियुक्ति करवाई
- 19 जुलाई 2020 में सोल आर्बिट्रेटर सेवानिवृत जस्टिस पी.के. तिवाड़ी द्वारा 26 करोड़ 6 लाख 70 हजार रूपए सालाना 9 फीसदी ब्याज सहित वसूली का नगर परिषद के पक्ष में अवार्ड जारी
- वर्ष 2021 में आयोग ने संबंधित परिवादी के पक्ष में निर्णय सुनाया था
- निर्णय की पालना नहीं होने पर परिवादी ने इजराय प्रार्थना पत्र पेश किया।
- मार्च 2024 को उपभोक्ता आयोग ने वसूली वारंट जिला कलेक्टर कार्यालय को भेजा।
- जिला कलेक्टर ने सम्बन्धित एसडीएम को वसूली कुर्की वारंट की पालना करवाने व आयोग को प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाते रहने का पत्र भेजा।
- 27 मई 2024 को आयोग ने एसडीएम को प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाने का निर्देश जारी किया।
- 31 मई 2024 को एसडीएम ने आयोग को दिए जवाब में बताया कि वारंट नगर परिषद आयुक्त को तामील हो चुके हैं।
- 16 जून 2024 को आयोग ने एसडीएम को स्मरण पत्र भेजा।
- 1 जुलाई 2024 तक एसडीएम को जवाब देना था, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया।
- 23 अगस्त को परिवादी ने तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा इजराय पालना नहीं करवाने का आरोप लगाते हुए जिला आयोग में प्रार्थना पत्र पेश किया।
- जिला आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने पीड़ित के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित कथनों को गम्भीर मानते हुए उपभोक्ता आयोग के आदेश की पालना नहीं करने के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्यवाही कर जिला आयोग को सूचित करवाने के लिए जिला कलेक्टर को पत्र जारी किया।

#### सुनवाई का अवसर देने के बाद भी नहीं हुई पालना

उपभोक्ता आयोग ने इजराय प्रार्थना पत्र पर नगर परिषद को सुनवाई का अवसर दिया और उसका पक्ष रिकॉर्ड पर लिया। इसके बाद उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत वसूली योग्य राशि नगर परिषद से वसूल कर आयोग में जमा कराने के लिए जिला कलेक्टर को वसूली कुर्की वारंट जारी किए गए थे। पालना नहीं होने पर पीड़ितों ने आरोप लगाया कि आदेश की पालना करवाने में लापरवाही बरती गई। इसके बाद आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने मामले को गंभीर मानते हुए जिला कलेक्टर को पुनः पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। आयोग ने संबंधित उपखंड अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष उपस्थित होकर यह बताने के लिए भी कहा था कि न्यायिक आदेश की पालना क्यों नहीं करवाई गई। इसके बाद नगर परिषद की भूमि कुर्क की गई थी, जिसका बाद में बेचान कर दिया गया।

#### सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

इस मामले में नगर परिषद ने जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक अपील की, लेकिन वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद आयोग ने इजराय प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए वसूली कुर्की वारंट जारी किए थे। तहसीलदार द्वारा कुर्क की गई भूमि के बिकने के बावजूद अब तक न तो उपभोक्ता आयोग में राशि जमा कराई गई है और न ही उपभोक्ताओं को भुगतान किया गया है। ऐसे में आयोग की सख्त कार्रवाई से पीड़ित उपभोक्ताओं में उम्मीद जगी है कि अब उन्हें उनकी जमा पूंजी वापस मिल सकेगी।

#### आयुक्त का कहना है

*नगर परिषद द्वारा कुर्क भूमि का कोई बेचान नहीं किया गया है , भूखंड संख्या दो और तीन आज भी कुर्क की स्थिति में है कि उसका कोई बेचान नहीं किया गया है। तहसीलदार द्वारा संशोधित आदेश निकाला गया था अन्य भूमि कुर्क की श्रेणी में नहीं है।*

***देवीलाल बोचल्या, आयुक्त नगर परिषद झुंझुनू।***

---

## हवेलियां केवल चूने पत्थर की नहीं बनीं, ये संस्कारों की गवाही देती हैं : लखावत



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** हवेलियां केवल चुने पत्थर की ही नहीं बनी होती, यह संस्कारों की गवाही देती हैं। यह संस्कार ही हैं कि यहां के उद्योगपति शिक्षा के लिए साधन, भवन, धन व सामर्थ्य यहां लगाकर मातृभूमि के लिए ऋण अदायगी का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यह बात राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) ओंकार सिंह लखावत ने गुरुवार को नवलगढ़ के एक निजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए हवेली धारकों के साथ बैठक बुला चुकी है। हवेलियों के संरक्षण के संबंध में अधिकारियों की एक पूरी टीम काम कर रही है। उन्होंने मातृभूमि को स्वर्ग से भी महान बताते हुए युवाशक्ति से कहा कि अपनी मातृभूमि को कभी मत भूलना। उन्होंने शिक्षा दान को सबसे बड़ा दान बताते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं का कर्तव्य है कि वह ऐसा नागरिक बनाएं जो स्वाभिमान से खड़े हो सके क्योंकि नागरिक मजबूत होंगे तभी देश मजबूत होगा।

#### प्रदर्शनी में विद्यार्थियों से किया संवाद

धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष लखावत ने इस दौरान निजी कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करते हुए विद्यार्थियों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडल्स के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए संवाद किया। उन्होंने विभिन्न मॉडल्स की बारीकियों के बारे में सहजता के साथ विद्यार्थियों से पूछा और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान के उस दौर में जब शिक्षा के केंद्र नगण्य थे, तब ट्रस्ट ने नवलगढ़ में ज्ञान का प्रकाश फैलाया। हम सभी इस संस्थान के ऋणी हैं। हम इस विरासत को और मजबूत करें ताकि हमारे विद्यार्थी स्वरोजगार, आर्थिक राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र में पहचान स्थापित कर सकें।

---

## होमगार्ड नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, झुंझुनूं के वर्ष 2022 के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन (भर्ती) प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कार्यालय समादेष्टा की ओर से जारी सूचना के अनुसार, झुंझुनूं केंद्र के 15 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 13370 अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में भाग लेंगे। यह पूरी नामांकन प्रक्रिया आगामी 20 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक परेड ग्राउंड, पुलिस लाइन सीकर में आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जाएगी, जिसमें केंद्रए गण के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि और जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे। विभाग द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचना भेजी जा रही है। अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की यह नामांकन प्रक्रिया लगभग 03 सप्ताह तक चलने की संभावना है, जिसमें विभिन्न जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय और स्थान पर अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इनमें मुख्य रूप से मूल निवास, आयु प्रमाणपत्र, शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह प्रमाणपत्र और पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नामांकन स्थल पर एक बार प्रवेश करने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज लाने के लिए वापस ग्राउंड से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01592-232366 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

## राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा में लहराया परचम, बने ऑल इंडिया टॉपर

नई दिल्ली।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अनुज इससे पहले भी यूपीएससी परीक्षा पास कर दिल्ली एवं केंद्र शासित प्रदेश सिविल सेवा में एसडीएम के पद पर नियुक्त हो चुके हैं।

डॉ. अनुज ने अपनी सफलता को लगातार मेहनत और धैर्य का परिणाम बताते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव आते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस बार सफलता नहीं मिलती तो वे अगले प्रयास की तैयारी में जुटे रहते, लेकिन



अब लक्ष्य हासिल होने के बाद यह सफर आसान लग रहा है।

**पहले प्रयास में मिली थी एसडीएम की जिम्मेदारी**-डॉ. अनुज ने वर्ष 2023 में अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली एवं केंद्र शासित प्रदेश सिविल सेवा में चयन प्राप्त किया था। इसके बाद उन्हें दिल्ली में एसडीएम पद पर नियुक्ति मिली और उन्होंने दिसंबर 2024 में पदभार संभाला। दूसरे प्रयास में वे मुख्य परीक्षा पास कर गए थे, लेकिन इंटरव्यू में चयन नहीं हो पाया। तीसरे प्रयास में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में पहली रैंक हासिल कर ली।

#### इंटरव्यू में पूछे गए इतिहास और मेडिकल से जुड़े सवाल

मेडिकल पृष्ठभूमि होने के कारण इंटरव्यू में उनसे मेडिकल साइंस से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा राजस्थान के इतिहास से भी सवाल किए गए। अनुज ने बताया कि उनसे मीरा बाई के गुरु और राजस्थान के इतिहास को प्रसिद्ध करने वाले इतिहासकार के बारे में पूछा गया, जिसका उत्तर उन्होंने जेम्स टॉड बताया।

---

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलो इण्डिया इनिशिएटिव के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलो इण्डिया इनिशिएटिव के अन्तर्गत माय भारत कार्यालय, स्पोर्टस ऑथोरिटी आफ इण्डिया एवं जिला खेल अधिकारी के समन्वय तथा अन्य विभागों के सहयोग से अस्मिता इनिशिएटिव के तहत् खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन स्वर्ण जयंति स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 आयु वर्ष से कम, 13 से 18 आयु वर्ष एवं 18 से अधिक आयु की महिलाओं के लिये 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ-साथ मनोरंजन खेल (रस्साकसी-नॉन कम्पिटेटिव) का भी आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

---

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का जिला स्तरीय समारोह कल

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का जिला स्तरीय समारोह 8 मार्च को सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मधु यादव भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाले व्यक्तिगत एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत 24 लोगो का सम्मान किया जाएगा।

#### इनका होगा सम्मान

मंडावा तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर, सहायक प्रबंधक पूजा, बीसीएमओ डॉ रेखा, पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक दारा सिंह, आरएसआरडीसी की सहायक अभियंता ज्योति महरिया, शहीद फारूख अहमद राउमावि भीमसर की व. अध्यापक सविता गोदारा, बीपीओ कंचन चैधरी, अगवाना खुर्द की पंचायत शिक्षिका सुमन मान, इस्लामपुर की ग्राम साथिन सबीना, घोडीवारा खुर्द की कार्यकर्ता प्रीति कुमारी, भूदा का बास की सहायिका गुड्डी देवी, पिलानी की आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा, एमडी टैंट हाउस, हंसासर की ग्राम साथिन सम्पत, बड़ागांव की ग्राम साथिन सुनिता, बड़ाउ की ग्राम साथिन कविता गुर्जर, बुहाना की ग्राम साथिन सुनिता देवी, हेतमसर की ग्राम साथिन किरणा बर्वड, मोई भारू की ग्राम साथिन कश्मीर, उरीका की ग्राम साथिन मंजू, सैनी नगर की ग्राम साथिन संजु सैनी, काजी की ग्राम साथिन रचना कुमारी,, ओजटू की ग्राम साथिन मंजू देवी, प्रतापपुरा की ग्राम साथिन मंजू का सम्मान किया जाएगा।

---

## ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत हो सकती है

### तेल कंपनियों को एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश;

### सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने ये आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी।



सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

---

## नीतीश 10-14 मार्च के बीच इस्तीफा दे सकते हैं

### बेटे निशांत 8 को जेडीयू जॉइन करेंगे, सीएम हाउस में बैठक के बाद रो पड़े विधायक

पटना.

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 से 14 मार्च के बीच इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक उनके राज्यसभा में नामांकन भरने के बाद नए सीएम को लेकर भाजपा और जेडीयू के बीच चर्चा जारी है।

इधर ष्टरू हाउस में मुख्यमंत्री की जेडीयू विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक खत्म हो गई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मौजूद कई विधायकों ने मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले का विरोध किया है। इस पर ष्टरू ने कहा- विरोध मत करिए मैं राज्यसभा जा रहा हूं। मैं वहां से सब देखता रहूंगा।

बैठक में मौजूद विधायक विनय चौधरी ने बताया कि %मीटिंग के दौरान नीतीश भावुक हो गए। विधायक उन्हें देखकर रोने लगे। सभी एक स्वर में उनसे फैसला वापस लेने को कहने लगे।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा, अब छोड़ दीजिए। मुझे जाने दीजिए। नीतीश राज्यसभा जाने पर ही अड़े रहे।

## आई स्टार्ट कार्यशाला आयोजित



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के स्थानीय पं. दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संचालित आई स्टार्ट कार्यक्रम के तहत् उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी द्वारा आई स्टार्ट के बारे में बताते हुए तहसील के विद्यार्थियों/युवाओं से आहाव्हन किया कि आपको नौकरी लेने वाला नहीं बनकर नौकरी देने वाला बनना है। उन्होंने बताया कि कैसे विद्यार्थी/युवा उद्यमशीलता की तरफ जा सकता है अथवा अपने पुश्तैनी व्यवसाय में तकनीकी को जोड़कर उसे नई पहचान दे सकते हो। नई शिक्षा नीति 2020 का यही मूल उद्देश्य है कि विद्यार्थियों में रचनात्मक/आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार हों। इस अवसर पर संभाग इनक्यूबेटर सेन्टर, चूरू की उपनिदेशक विनोद कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और उभरते हुए स्टार्टअप्स को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं, वित्तीय सहायता और इनक्यूबेशन सपोर्ट के बारे में जानकारी प्रदान करना है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने बताया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने आस-पास की समस्याओं के व्यवहारिक एवम् तकनीकी समाधान के बारे में भी विचार करना चाहिए जहाँ से आपको एक बिजनेस आइडिया मिल सकता है। कार्यक्रम में स्टार्टअप मेंटर जमील खाँन द्वारा आईस्टार्ट के बारे में विस्तार से बताया। आइडिया से लेकर अब तक के अनुभव एवम् आई स्टार्ट राजस्थान से प्राप्त प्रोत्साहन के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में कोड चूरू से उपस्थित कम्प्यूटर अनुदेशक अतुल मंगलहारा एवम् भानुप्रताप द्वारा जिला कलक्टर के निर्देशन में संचालित कोड चूरू कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रोग्रामर राकेश कुमार बबेरवाल एवं प्रोग्रामर अक्षय शर्मा सूचना प्रोधौगिकी एवं संचार विभाग तथा क्षेत्र के विभिन्न स्कूल से अध्यापक एवम् विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रोजा रख कर खुदा की इबादत कर रहे मासूम



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** इस्लाम के पवित्र माह रमजान का महीना चल रहा है। शुक्रवार को रोजेदारों ने सोलहवाँ रोजा पूर्ण किया। और जुमा की सामूहिक नमाज अदा कर खुदा की बारगाह में देश के लिए अमन और सलामती की दुआएं मांगी। इस रमजान माह की पाक बरकतें बच्चों के उत्साह में भी साफ झलक रही हैं। लाडनूं की इकरा बल्खी पुत्री मोहम्मद जावेद ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा और मुस्लिम समाज के सभी लोगों को इबादत के लिए प्रेरित किया है। परिवार के लोगों ने बताया कि आठ वर्षीय इकरा और छोटा भाई अनस दोनों परिवार के साथ सेहरी के वक्त जल्दी उठकर सेहरी करते है और इकरा ने एक रोजा भी पूरा किया है। बच्चों में रमजान को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा हैए जिससे न सिर्फ घर का माहौल बल्कि पूरे क्षेत्र में धार्मिक भावना और भाईचारे का संदेश फैल रहा है। परिजनों का मानना है कि इतनी कम उम्र में बच्चों का रोजे के प्रति लगाव रखना उनके मजबूत इरादों और अच्छी तरबियत का नतीजा है। यह नेक कार्य आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

## गायों के लिए टीन शेड का उद्घाटन



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में संचालित श्री श्याम गौशाला में गायों के लिए टीन शेड का उद्घाटन पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, समाज सेवी विनोद डागा व संजय चौधरी द्वारा किया गया स शेड निर्माता रामचंद्र दौलत राम दायमा का मंदिर कमेटी की और से स्वागत किया गया स इस अवसर पर डूंगर मल, जगदीश भूत, वीरेंद्र बुनकर, नरेंद्र झंवर, दीनदयाल खेतान, महावीर रामगढ़िया, संतलाल, पूरनमल भाटी, नेमीचंद, बछराज सोनी सहित गणमान्य उपस्थित थे। वहीं इस अवसर पर शेड निर्माता रामचंद्र दौलतराम ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# जिले की डिजिटल शिक्षा में सराफ परिवार का योगदान अतुलनीय : कस्वा

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की श्री गांधी बाल निकेतन द्वारा चूरू जिले की सरकारी स्कूलों-कॉलेजों में शिक्षण के अत्याधुनिक टूल इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाने हेतु चलाई जा रही परियोजना में करोड़ों रूपये का अद्वितीय सहयोग उपलब्ध करवाने वाले भामाशाह नथमल सराफ परिवार के उदारमना सदस्यों के अभिनन्दन समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में भामाशाह परिवार के नर नारायण सराफ, इन्द्रा सराफ, प्रदीप सराफ, मंजू सराफ, चूरू सांसद राहुल कस्वां, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि एवं सूरत प्रवासी भामाशाह शुभकरण बैद मंचासीन थे। निकेतन की छात्राओं यशी व्यास व जया ने अतिथियों का तिलकार्चन कर स्वागत किया। निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने अतिथियों का सूत की माला पहनाकर तथा सीबीईओ संदीप व्यास ने गांधी साहित्य भेंट कर स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों द्वारा परियोजना में अतुलनीय सहयोग हेतु भामाशाहों का साफा, शॉल, चुनरी, अभिनन्दन प्रतीक तथा उन्हीं की कलात्मक फोटो भेंटकर अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि इंटरेक्टिव बोर्ड परियोजना से चूरू जिले के गांवों-ढ़ाणियों तक में इंटरेक्टिव बोर्ड से पढ़ाई होने लगी है जिसका पूरा श्रेय दानदाता भामाशाहों को जाता है, जिले की इस अभिनव योजना में सराफ परिवार का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में एआई का इन्टीग्रेशन तेजी से बढ़ रहा है ऐसे में यह बोर्ड बच्चों के लिए काफी उपयोगी होंगे, उन्होंने शीघ्र ही सादुलपुर ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में भी बोर्ड लगवाने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने सराफ परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि भामाशाह प्रदीप सराफ और नर नारायण सराफ जन्मभूमि के प्रति दायित्वों के उत्कृष्ठ निर्वहन का जीवंत उदाहरण है। राजस्थान के अलावा अपनी कर्मभूमि बंगाल और उड़ीसा में भी इनका सहयोग प्रशंसनीय है। साथ ही उन्होंने भामाशाहों से सरदारशहर ब्लॉक के स्कूलों में बोर्ड उपलब्ध करने का भी आग्रह किया। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि सराफ परिवार को सात बार राज्य सरकार द्वारा भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है। ऐसे भामाशाहों का सम्मान करके हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इससे पूर्व बाल निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने शाब्दिक स्वागत और कार्यक्रम परिचय प्रस्तुत करते हुए अतिथियों व भामाशाहों का आभार प्रकट किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाढ़ां की ढ़ाणी की प्रधानाध्यापिका मोनिका ने विद्यार्थियों के जीवन में बोर्ड से आए सकारात्मक परिणामों और पढ़ाई में जागृत हुई रूचि का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इन्द्र राज खीचड़, मालीराम सारस्वत, अर्जुन सिंह फ्रांसा, संतोष तालनिया, एडवोकेट बजरंग गुर्जर, पूर्व सीबीईओ मो अनवर कुरैशी, विक्रम सिंह चौहान, रामनारायण व्यास, ओमप्रकाश मंगलहारा, देवेन्द्र यादव, रजनीकांत सोनी, शिवकुमार मेघवाल, कृष्ण कुमार सराफ, कुलदीप चौधरी सहित कई गणमान्यजन एवं निकेतन के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। समारोह का संचालन इंटरेक्टिव बोर्ड परियोजना समन्वयक कुलदीप व्यास ने किया।

## चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन 13 मार्च को मनाया जाएगा



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन आगामी 13 मार्च को श्री कल्याण आरोग्य सदन अतिथि भवन सांवली में मनाया जाएगा। इस मौके पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के द्वारा चयनित दिव्यांगों को मौके पर ट्राईसाईकिल, कृत्रिम पैर हाथए कैलिपर्स, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टीक का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र सिंह के सोशल मीडिया प्रभारी अजय बुरड़क ने बताया कि दिव्यांगों के चयन हेतु 6 मार्च को प्रेम निकेतन रेनवाल रोड़ दांतारामगढ़ में शिविर लगा एवं 7 मार्च को अम्बेडकर भवन लिखमाबास रोड़ बाय व संकल्प महाविद्यालय गोवटी अंडरपास पलसाना में लगेंगे।

## दुकान खुलने के साथ ही व्यापारी की दुकान में चोरी



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ शहर में दिन दहाड़े एक व्यापारी की दुकान में रखा थैला अज्ञात ने चुरा लिया। जैसे ही व्यापारी को घटना का पता चलाए तो अफरा तफरी मच गई तथा आसपास के व्यापारी मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना पुलिस को भी दी है तथा सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के ओमप्रकाश चौधरी की पूर्वी बाजार में परचून की दुकान है। रोज की तरह आज भी व्यापारी का पुत्र पुनीत चौधरी दुकान खोलने के लिए आया।

इसी दौरान कुछ ग्राहक आ गए, जिस पर पुनीत के हाथ में पकड़ा एक थैला उसने गद्दी पर रख दिया। थैले में बही खाता एवं करीब तीन लाख रुपए नकदी थे। पुनीत ग्राहकों को सामान दे रहा थाए तो इसी दौरान एक युवक उसके पास आया और कहा कि आपकी चप्पलें दुकान से इतनी दूर क्यों है। जब पुनीत चप्पल लाने के लिए गया, तो इसी दौरान अज्ञात ने गद्दी पर रखा थैला चोरी कर मौके से फरार हो गया। उक्त घटना सामने की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। दुकान से थैला पार होने का जब पुनीत को पता चलाए तो उसने अज्ञात चोरों की तलाश की तथा आसपास के व्यापारियों की मौके पर भीड़ लग गई।

घटना की सूचना पुलिस को भी दी है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का भव्य आगाज

## पहले दिन क्रिकेट, बैडमिंटन और टीटी मुकाबलों में दिखा उत्साह

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** शहर में जयपुर रीजनल चैप्टर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का आगाज़ शुक्रवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में जोश और उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एडवाइजर धीरज झामरियाय चेयरमैन, क्षितिज मनुय इमीडिएट पास्ट चेयरमैन, आशीष कालाय चेयरमैन इलेक्ट, मनीष ठाकुर व टीम ओनर्सए तुलसी राम मोदीय शिव अग्रवाल, अंशुल मोदी और रिदम सुद्रानिया द्वारा किया गया। उद्घाटन में सेक्रेटरी, शिखा सिंह, अमित गोस्वामी, सुनील जैन और विवेक गुप्ता भी उपस्थित थे। पहले दिन, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस और टेबल टेनिस के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। क्रिकेट के खेले गए तीन मैचों में तालुका फाइटर ने मंगल टाइटंस कोए प्रिमार्क सुपर किंग ने तालुका फाइटर को जबकि एल्फेन रॉयल्स ने वर्सेटाइल वाइकिंग्स को मात देकर मुकाबले अपने नाम किए। तीनों मैचों में खिलाड़ियों की बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी देखने को मिली। बैडमिंटन में वर्सेटाइल वाइकिंग्स ने लैंटर्न लीजेंड्स कोए जबकि प्राइमरी सुपरकिंग्स ने मंगल टाइटंस को हराया। वहीं लैंटर्न लीजेंड्स और एल्फेन रॉयल्स का मुकाबला बराबरी पर रहा। टेनिस प्रतियोगिता में सिंगल्स वर्ग में अंशुमान शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फइनल में युगांश देवरथ को 6-2 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले अंशुमान शर्मा ने शालीन को 6-2 से हराया, जबकि युगांश देवरथ ने अभिनव चतुर्वेदी को 6.0 और केसरी नंदन शर्मा को 6-2 से मात दी थी। सिंगल्स में युगांश वर्ग में देवरथ उपविजेता रहे। डबल्स वर्ग में रितेश शर्मा और हर्षित अग्रवाल की जोड़ी ने फाइनल में अंशुमान शर्मा और गौरव माथुर को 6-4 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अंशुमान शर्मा और गौरव माथुर की जोड़ी रनर-अप रही। टेबल टेनिस टीम मुकाबलों में पूल-ए में तालुका टाइटंस ने अपने दोनों मुकाबले मंगल टाइटंस और प्रिमार्क सुपर किंग से 7-6 से जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि मंगल टाइटंस दूसरे स्थान पर रहा। पूल.बी में लैंटर्न लेजेंड्स ने वर्सटाइल वाइकिंग्स को 9.4 से और अल्फिन रॉयल्स को 7.6 से हराकर पूल-बी में पहला स्थान प्राप्त किया।

## सिंधु नगर में गूंजेंगे सिंधी भगत के सुर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर द्वारा आयोजित पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को सिंधी संस्कृति की अनुपम छटा बिखरेगी। नाहरी का नाका स्थित सिंधु नगर के सर्वानंद हॉल में शाम 6 :30 बजे से सिंधी भगत का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें अजमेर की प्रसिद्ध श्रवि भगत एंड पार्टीशद्वारा भक्ति और लोक परंपराओं की जीवंत प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी और महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज बंधुओं को सिंधी संस्कृति के मूल स्वरूप से रूबरूकराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक नरेश कुमार मंघनानी और जितेंद्र लखवानी के अनुसार, सिंधी भगत में कलाकार भगवान शंकर, श्री राम और इष्टदेव श्री झूलेलाल के भजनों व लोकगीतों को संगीतए अभिनय और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। तुलसी संगतानी ने बताया कि सिंधी समाज में भगत का विशेष आध्यात्मिक महत्व है।

## छोटीकाशी के कई मंदिरों में झूला महोत्सव आयोजित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** संकट चतुर्थी पर शुक्रवार को छोटीकाशी के कई मंदिरों में फूल डोल या झूला महोत्सव मनाया गया।

विग्रहों का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। इसके बाद फूलों के झूले में विराजित कराया गया। इस मौके पर झूला झूल रहे नंदला, माता मेरी झूला झूले, राधा झूला झूल रही, झूला झूले हो गजानन झूलना जैसे पद और भजन गाए गए। गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में प्रथम पूज्य गणेश महाराज, श्याम बाबा, लड्डू गोपाल जी सहित सभी विग्रहों के अभिषेक-श्रृंगार के बाद झूला उत्सव मनाया गया। भक्तों ने गिरधर गोपाल के साथ फूलों की होली भी खेली।

चमत्कारेश्वर महिला मंडल की महिलाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन माह में ठाकुर जी लगातार होली खेलने से थक जाते हैं ऐसे में उन्हें फूलों के मध्य विराजमान कर फूल डोल महोत्सव मनाया जाता है।

## ज्ञापन : पंचायत राज चुनावों में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देने की मांग

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** श्री प्रताप फाउंडेशन के बैनर तले गुरुवार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को पंचायत राज चुनावों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी पंचायत चुनावों में आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान में पंचायत राज चुनावों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इसमें कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। इससे पंचायत राज संस्थाओं में इस वर्ग की भागीदारी लगातार कम होती जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई पंचायत समितियों और जिला परिषदों में अनारक्षित वर्ग के प्रतिनिधियों की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम रह गई है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउण्डेशन के रविन्द्र सिंह ने बताया कि ईडब्ल्यूएस विसंगतियों को दूर कर आगामी पंचायती राज चुनाव और नगर निकाय चुनावों में जल्द से जल्द 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू हो। इस मौके पर गजेन्द्र सिंह ऑडिट प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, एडवोकेट गोवर्धन सिंह डाबड़ी, गजेन्द्र सिंह कोयल, लूणकरण शर्मा, मूल सिंह छपारा, कालू सिंह हुडास, लादू सिंह धुडीला मौजूद रहे।

# जुम्मे की नमाज के दौरान मस्जिद की दीवार ढही, पन्द्रह नमाजी घायल

## 6 की हालत गंभीर, एसएमएस अस्पताल में भर्ती, चीख-पुकार के बीच लोगों ने खुद शुरू किया रेस्क्यू

निसं





**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के भट्टा बस्ती थाना इलाके में स्थित फिरदौस मस्जिद में शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मस्जिद की एक दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से करीब पन्द्रह नमाजी घायल हो गए। हादसे के समय मस्जिद में सैकड़ों लोग मौजूद थे। दीवार गिरते ही मस्जिद परिसर में अफरा-तफरी मच गई और चीख.पुकार सुनाई देने लगी। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जुमे की नमाज समाप्त होने के बाद कुछ नमाजी मस्जिद से बाहर निकल रहे थे, जबकि कुछ लोग वजूखाने के पास भीड़ कम होने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक दीवार का एक हिस्सा ढह गया और वहां खड़े लोग मलबे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद नमाजियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को ई-रिक्शा, ट्राई साइकिल और अन्य वाहनों की मदद से तुरंत कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। भीड़ अधिक होने के कारण राहत कार्य में कुछ देर तक मुश्किल भी आईए लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया गया। कांवटिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आर.एस. तंवर ने बताया कि कुल 15 घायलों को अस्पताल लाया गया था। इनमें से 6 लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सवाई मानसिंह एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, जबकि मामूली चोट वाले लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर घायलों में रुस्तम 40, ईशान 34 खुर्शीद 25, सुहैल 25 इमाम जफर 20 और इकबाल 18 शामिल हैं। एसएमएस अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. जगदीश मोदी ने बताया कि 11 घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन मरीज आईसीयू में भर्ती हैं, जबकि आठ का इलाज मास कैजुअल्टी वार्ड में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही भट्टा बस्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार मस्जिद की दीवार का केवल एक हिस्सा गिरा है, जिससे बड़ा जानी नुकसान टल गया। प्रारंभिक जानकारी में दीवार के कमजोर होने और उस पर अचानक अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की तकनीकी जांच कर रही है और सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिद के प्रभावित हिस्से की घेराबंदी कर दी गई है। साथ ही पुलिस ने पुरानी इमारत में सावधानी बरतने की अपील की। इधर घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अमीन कागजी, विधायक हाकम अली और असरार कुरैशी भी विधानसभा से सीधे एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। फिरदौस मस्जिद कमेटी से जुड़े लोगों का कहना है कि जुमे की नमाज के बाद अचानक बच्चे भागने लगे तो दीवार पर अतिरिक्त लोड पड़ गया व दीवार गिर गई। जहां दीवार गिरी है। उस जगह चप्पलें उतारी जाती हैं, लेकिन लोग नमाज पढ़कर निकल रहे थे तो उन पर दीवार गिर गई। जयपुर शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी ने कहा कि ईश्वर का शुक्र है कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। कुछ लोगों के चोट लगीए जिनका उपचार चल रहा है। गौरतलब है कि जुमे की नमाज का इस्लाम में विशेष महत्व है। इसी के चलते जुमे की नमाज पर अन्य दिनों के मुकाबले भीड़ ज्यादा होती है।

## खाटूधाम में एटीएस की ईआरटी टीम की मॉकड्रिल

### सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया गया अभ्यास



निसं

**खाटूश्यामजी (नवयत्न)।** कस्बे में स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी खाटूधाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एटीएस की ईआरटी टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आतंकवादियों के छिपे होने की काल्पनिक सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा टीम ने मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की और आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तैनाती एवं कार्रवाई की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे। मॉकड्रिल का आयोजन 4जी ईआरटी टीम के कमांडर दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें टीम सदस्य मुकेश कुमार एवं प्रदीप सहित अन्य जवानों ने भाग लिया। टीम ने मंदिर परिसर में मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की तैयारियों को परखा। मॉकड्रिल का उद्देश्य खाटूधाम में प्रतिदिन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

# गीता गायत्री मंदिर में मनाया झूला महोत्सव



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गीता गायत्री जी में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में संकट चतुर्थी के शुभ अवसर पर झूला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज श्याम बाबा लड्डू गोपाल जी मंदिर के सभी विग्रहों कालड्डू पंचामृत से अभिषेक विभिन्न तीर्थस्थलों के जल से किया गया। इसके उपरांत भगवान को नवीन पोशाक धारण कराकर झूले में विराजित कराया गया। महोत्सव के दौरान भक्तों द्वारा भक्ति भाव से झूले के पद एवं भजन गाए गए, जिनमें श्झूला झूल रहे नंदलाल, श्माता मेरी झूला झूले, श्वृंदावन में उड़े रे गुलाल, श्राधा झूला झूल रही, झूला झूले हो गजानन झूलना, झूला झूल रहे भगवान नंद जी के आंगन में, श्झूला झूल रहे घनश्याम नंद जी के आंगन में तथा श्मेरा लाल झूले पलना नेक होले छोटा दीजो जैसे भक्ति गीत शामिल रहे। इन भजनों के साथ भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ ठाकुर जी को झूला झुलाया। कार्यक्रम के दौरान भगवान गिरधर गोपाल के साथ फूलों की होली भी खेली गई, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया। इस आयोजन में चमत्कारेश्वर महिला मंडल का विशेष योगदान रहा। पुरानी प्राचीन परंपराएं होली के बाद ठाकुर जी को झूले में जलाया जाता है ताकि होली के फाग उत्सव की थकान उतरी जा सके।

# ग्रहों के राजा सूर्य देव 15 मार्च को बदलेंगे अपनी चाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राजा माने जाने वाले सूर्य देव 15 मार्च को अपनी चाल बदलने जा रहे हैं। सूर्य रात 01:08 बजे कुंभ राशि से निकलकर देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। सूर्य का यह गोचर 14 अप्रैल की सुबह 09:38 बजे तक मीन राशि में रहेगा। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार सूर्य आत्मविश्वास, सत्ता, नेतृत्व और प्राण शक्ति का प्रतीक है, जबकि मीन राशि करुणा, कल्पना, आध्यात्मिकता और संवेदनशीलता की प्रतिनिधि है। जब सूर्य की तेजस्वी ऊर्जा मीन की कोमल प्रकृति से मिलती है, तब यह समय व्यक्ति को तार्किक बुद्धि के साथ-साथ अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए प्रेरित करता है। इस अवधि में लोग अधिक भावुक, सृजनात्मक और आध्यात्मिक महसूस कर सकते हैं। साथ ही यह समय मानसिक थकान को दूर कर भावनात्मक रूप से स्वयं को संतुलित करने के लिए भी अनुकूल माना जाता है। यह गोचर विशेष रूप से सात राशियों के लिए शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है। इन राशियों के जातकों के रुके हुए कार्य पूरे होनेए करियर में प्रगति मिलने और आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत मिल रहे हैं।

## इन राशियों को मिल सकता है विशेष लाभ

वृषभ राशि: सूर्य का गोचर आपके लाभ भाव में होगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं और लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि:** कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। यदि आप नौकरी परिवर्तन का विचार कर रहे हैं, तो यह समय अनुकूल साबित हो सकता है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि:** भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। धार्मिक यात्राओं के योग बनेंगे और विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि:** शिक्षा, रचनात्मक कार्यों और प्रेम संबंधों के लिए यह समय अनुकूल रहेगा। कला और सृजनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को बड़ा प्रोजेक्ट या सम्मान मिल सकता है।

**धनु राशि:** सुख-सुविधाओं में वृद्धि के योग बनेंगे। नया घर या वाहन खरीदने का सपना साकार हो सकता है। परिवारए विशेषकर माता के साथ संबंधों में सुधार आएगा।

**कुंभ राशि:** आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। निवेश से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपकी वाणी का प्रभाव लोगों पर पड़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**मीन राशि:** सूर्य के आपकी ही राशि में प्रवेश करने से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ेंगे। दान-पुण्य से संवरेगी किस्मत: मीन राशि जल तत्व की राशि है, इसलिए इस गोचर के दौरान दान-पुण्य, ध्यान और आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व रहेगा। यह समय मानसिक स्पष्टता प्रदान करने वाला माना जाता है। विशेष रूप से कला, चिकित्सा और समाज सेवा से जुड़े लोगों के लिए यह अवधि नई उपलब्धियों और सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

# राजस्थान जैन युवा महासभा करेगी प्रतिभाओं का सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार 8 मार्च को भट्टारकजी की नसियां में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वुमेन्स पावर-2026 महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर नारी गौरव सम्मान सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से होने वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुति, प्रतिभाओं का सम्मान, नारी उत्थान व मोटिवेशनल उदबोधन, महिलाओं के स्वास्थ्य पर टाक शो, टेलेन्ट शो, नृत्य नाटिका सहित मनोरंजन के कई कार्यक्रम होगें। समाजसेविका अनिला कोठारी, शांति देवी, नीना पहाडिया, निशा पहाडियाँ समारोह संरक्षिका, रेणू राणा समारोह गौरव होगी। मुख्य अतिथि अंजू जैन, समारोह अध्यक्ष ऋतु कासलीवाल, चित्र अनावरण रोशनी टॉक एवं समाजसेविका प्रिया-मेनका बडजात्या एवं अन्य अतिथियों के सानिध्य में भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

# जागरूकता रैली आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिले में 27 नवम्बर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 7 मार्च को प्रात: 09 बजे शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झुन्झुनू से कलक्ट्रेट कार्यालय तक रैली का आयोजन किया जाएगा।

# विकास कार्यों की हो नियमित मॉनीटरिंग, योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूरे किए जाएं : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग तथा राजीविका की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए और योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विकास के साथ उपयोगी कार्य हों और ग्रामीणों को बेहतरीन सेवाओं का लाभ मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय विशेषताओं व आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य सुनिश्चित करें। महानरेगा तथा वित्त आयोग के अपूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करें। जिला कलक्टर ने महानरेगा में अपूर्ण कार्यों की स्थिति, लेबर डेप्लॉयमेंट पर चर्चा करते हुए कहा कि लेबर इंगेज करें और समयबद्ध ढंग से मस्टरोल जारी हों। विशेष रूप से 81 से 90 दिन वाले श्रमिकों को इंगेज करें। उन्होंने नर्सरी विकास कार्य को लेकर कहा कि राजीविका की सहयोग से नर्सरियों का विकास व मेंटेन किया जाए तथा मृत पौधों के स्थान पर नवीन पौधरोपण किया जाए।

उन्होंने समयबद्ध भुगतान, एवरेज वेज रेट बढ़ाने, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करवाने, पोर्टल पर समुचित व सही डाटा एन्ट्री करने, रिचार्ज शाफ्ट, ओपन जिम, अटल ज्ञान केन्द्र के कार्य पूरे करने, निजी कुंड, कैटल शेडए पीएम आवास योजना में गैप को कम करने,विधायक व सांसद निधि के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने व बकाया यूसी/सीसी भिजवाने, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के मरम्मत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा भुगतान हेतु बिल भिजवाने, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 और 2.2 के कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। सीईओ श्वेता कोचर ने ऑडिट, विकास कार्यों, ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के प्रबंधन, अपूर्ण कार्यों, नर्सरी विकास कार्य की जानकारी दी। एसीईओ भागचंद खारिया, हरिराम माहिच, मानसिंह, चैनाराम बेनीवाल सहित सभी विकास अधिकारी व जिला परिषद स्टाफ मौजूद रहे।

## अधिकारियों को दिए निर्देश

इसी दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजीविका की गतिविधियों व विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि राजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिले, इसके लिए बेहतरीन विभागीय समन्वय किया जाए। विभाग स्तर पर राजीविका महिलाओं को ऋण के लिए लंबित फाइलों को निस्तारित करें तथा महिलाओं को प्रोत्साहित कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाएं। उन्होंने नए एसएचजी निर्माण तथा उनकी पोर्टल पर अपडेशन, उद्यम रजिस्ट्रेशन, एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन, डिफंक्ट एसएचजी को रिवाइव करने, फंड वितरण, रिकॉन्सिलिएशन सहित राजीविका की गतिविधियों को लेकर चर्चा की और समुचित निर्देश दिए। उन्होंने विकास अधिकारियों को राजीविका के कार्यों व गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। राजीविका डीपीएम व भागचंद खारिया ने गतिविधियों की जानकारी दी।

# होली स्नेह मिलन समारोह में भामाशाह केडिया का किया नागरिक अभिनंदन

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** काजड़ा पंचायत मुख्यालय पर प्रशासक मंजू तंवर की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा भामाशाह व शिक्षाश्री पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरण प्रेमी भगवती प्रसाद केडिया का नागरिक अभिनंदन किया गया।

ग्रामवासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह भगवती प्रसाद केडिया व विशिष्ट अतिथि कैलाश नागवान रहे। ग्राम वासियों के अनुरोध पर राजकीय केडिया पशु चिकित्सालय एवं रतनलाल काजड़िया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मध्य भव्य स्वागत द्वार बनवाने पर भामाशाह भगवती प्रसाद केडिया का गणमान्य पंचायत वासियों ने माला पहनाते हुए साफा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। भामाशाह केडिया ने पंचायत वासियों को होली व धूलंडी की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए हमेशा अच्छे कर्म करते रहना चाहिये। मनुष्य की पहचान उसके कर्मों से होती है न कि जाति, धर्म व सम्पदा से।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रशासक मंजू तंवर ने कहा कि ग्राम काजड़ा हमेशा ही भामाशाहों की धरा रही है, पंचायत के विकास कार्यों में भामाशाहों की अहम भूमिका रही है, जब-जब पंचायतवासियों ने भामाशाहों को विकास कार्य करवाने के लिए कहा तब-तब भामाशाहों ने खुले मन से पंचायत के विकास कार्यों में भरपूर आर्थिक सहयोग किया। भामाशाह केडिया ने गांव में बड़े डस्टबिन रखवाने, पंचायत भवन व पंचायत समिति में वाटर कूलर लगवाने, पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए पेड़ पौधे व तार, जाल व जालियां लगाने, पड़ोसी पंचायत फरट के राजकीय विद्यालय में दो बड़े कमरे निर्माण में सहयोग देने, लोक देवता बाबा रूडनाथ मंदिर के रंग रोगन कार्य करवाने, राजकीय केडिया पशु चिकित्सालय भवन निर्माण करवाने, पुस्तकालय से जवाहर नवोदय विद्यालय तक सड़क निर्माण करवाने सहित ऐसे बहुत सारे जन कल्याणकारी कार्य काजड़ा पंचायत एवं क्षेत्र में करवाये हैं। इसी तरह काजड़िया एवं संघी परिवार के द्वारा भी पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। भामाशाह केडिया से ग्रामीणों ने शनिदेव मंदिर परिसर में वॉटर कूलर लगवाने के लिए मांग की, जिस पर भामाशाह ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर भगवती प्रसाद स्वामी, ठेकेदार नाहर सिंह शेखावत, शिक्षाविद जगदीश प्रसाद सैन, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल गाँधी, संघी ट्रस्ट प्रतिनिधि भरत नागवान, डॉ मनोज जोशी, प्रेम सिंह नायक, विनोद सोनी, गुमान सिंह शेखावत, राय सिंह शेखावत, रामसिंह कुमावत, रणजीत सिंह शेखावत बैंक शाखा प्रबंधक,, मोहित कुमार, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिल जांगिड़, अशोक कुमावत, अक्षय शर्मा, विकास मारवाल, छंगाराम, दरिया सिंह डीके, शिव कुमार शर्मा, पवन कुमार चाँद, धर्मेन्द्र शेखावत, मंगलानंद, कृष्ण सोनी, मातादीन सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनजीत सिंह तंवर ने किया। प्रशासक मंजू तवर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राठौड़ ने किया अम्बेडकर सामुदायिक भवन में विकास कार्यों का लोकार्पण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन में विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन में राम सिंह माहिच शारीरिक शिक्षक निवासी रैयाटुण्डा की ओर से अपने पिताजी जगाराम माहिच की स्मृति में बनवाए गए कमरे मय बरामदे व जसवंत दहिया की ओर से अपने पिताजी धारू राम दहिया की स्मृति में बनाए गए मुख्य द्वार लोकार्पण किया। समारोह में राठौड़ ने छात्रावास में दो कमरे मय बरामदे बनवाने व सामुदायिक भवन से मुख्य सड़क तक सड़क बनवाने की घोषणा घोषणा की। राठौड़ ने अम्बेडकर छात्रावास के लिए भूमि आवंटन करवाने का भी आश्वासन दिया। राठौड़ ने छात्रावास में संयुक्त रूप से एक कमरा बनवाने की घोषणा करने वाले जेईएन ओम प्रकाश ग्रोवर और सुरेश कुमार सुनिया का सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता समाज सेवी झीडूराम दायमा ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि पदम् भूषण देवेंद्र झाझडिया, चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, डीएसपी रोहित सांखला, तहसीलदार हनुमान सिंह, बीडीओ अशोक कुमार, एसीबीईओ भागचंद सोलंकी, रामसिंह माहिच, जसवंत दहिया, इंद्राज दायमा, सुरेश जोईया आदि अनेक लोग मौजूद थे। संचालन राजेश कलिया और हेमराज कालवा ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 4 मार्च से 8 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महिला अधिकारिता विभाग, चूरू द्वारा श्री गणेशीराम झंवर राबाउमा विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कांस्टेबलचंद्रकला ने बालिकाओं एवं विद्यालय की अध्यापिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण करवाया। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सुपरवाईजर प्रीति ने बालिकाओं को गुड टच बेड टच से अवगत करवाया। काली बाई भील उड़ान योजना सैनेटरी नैपकिन के बारे में जानकारी दी साथ ही में सरकार द्वारा संचालित नि:शुल्क आरसीआईटी के बारे में बताया। इस मौके पर विद्याालय की प्रधानाध्यापिका कुसुम शर्मा, अध्यापिका राजकोर मीणा, कंचन स्वामी आदि भी उपस्थित रहे।

# रमजान का महीना केवल इबादत का नहीं, बल्कि इंसान के अंदर आत्मसंयम : कादरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पवित्र माह रमजान के तीसरे जुमा के अवसर पर शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा की और देश में अमन, भाईचारे तथा तरक्की के लिए दुआएं कीं। जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद में जुमे की मुख्य नमाज हुई। राजधानी की अन्य विभिन्न मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व नूरी जामा मस्जिद में तकरीर करते हुए हजरत मौलाना सूफी सैफुल्लाह कादरी ने कहा कि रमजान का महीना केवल इबादत का नहीं, बल्कि इंसान के अंदर आत्मसंयम, करुणा, सामाजिक जिम्मेदारी और अल्लाह पर भरोसे की भावना को मजबूत करने का महीना है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में इस्लामी इतिहास की महान घटना जंग-ए-बद्र भी हुई थी, जिसने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि जब इंसान सच्चाई, न्याय और सब्र के साथ खड़ा होता है तो अल्लाह की मदद उसके साथ होती है। कुरान शरीफमें भी बद्र की घटना का उल्लेख मिलता है। अल्लाह तआला फरमाता है कि अल्लाह ने बद्र में तुम्हारी मदद कीए जबकि उस समय तुम कमजोर थे, इसलिए अल्लाह से डरते रहो ताकि तुम शुक्रगुजार बनो। उन्होंने कहा कि यह आयत इंसान को यह भरोसा देती है कि कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद और सब्र नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को केवल भूख और प्यास का एहसास नहीं कराता, बल्कि दिल में रहमदिली और समाज के कमजोर लोगों के प्रति संवेदनशीलता भी पैदा करता है। यही कारण है कि रमजान में जकात, सदका और इंसानी सेवा की परंपरा विशेष रूप से बढ़ जाती है।

# चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से आरंभ : इस बार तिथियों के संयोग से अष्टमी और नवमी 26 मार्च को

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से आरंभ होगा। इस बार तिथियों के संयोग से अष्टमी और नवमी 26 मार्च को हैं। इस कारण नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। 26 मार्च को ही नव संवत 2083 का शुभारंभ होगा। नवसंवत का नाम रौद्र रहेगा। विशेष बात यह है कि इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान पालकी में होगा, जिसे सुख-समृद्धि, कल्याण और शांति का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इस बार चैत्र नवरात्र अनेक शुभ संयोगों के साथ आ रहे हैं। छोटीकाशी में मंदिरों की सजावट से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मां दुर्गा के मंदिरों में जहां दुर्गा सप्तशती के पाठ होंगे वहीं राम मंदिरों में रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण का नवाह्न पारायण होंगे। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार 25 मार्च को दोपहर 1:51 बजे से 26 मार्च को सुबह 11:49 बजे तक अष्टमी तिथि रहेगी। वहीं नवमी तिथि 25 मार्च को सुबह 11:50 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को सुबह 10:07 बजे तक रहेगी। सामान्यत: शुभ कार्य के लिए सूर्योदय की तिथि मान्य होती है, किंतु भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी को दोपहर 12 बजे हुआ था। इसी आधार पर 26 मार्च को राम नवमी मनाई जाएगी। इस दिन मां दुर्गा के आठवें और नौवें स्वरूप-महागौरी और सिद्धिदात्री-की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र प्रारंभ पर घट स्थापना के लिए शुभ का चौघडिया सुबह 6:54 से 8:06 बजे तक रहेगा। चर और लाभ के चौघडिया अनुसार प्रात: 11:05 से दोपहर 1:30 बजे तक का समय अनुकूल है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:1 से 12:58 बजे तक रहेगा। विद्वानों के अनुसार अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

# बीएमकॉन का हुआ आगाज : बोन कैंसर की सटीक पहचान और उपचार से जुड़े पहलुओं पर हुई चर्चा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं इंडियन मस्क्यूलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएमएसओएस 2026-बीएमकॉन की शुरूआत शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुई। इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के पहले दिन पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी और मेडिकल एवं रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विषय में वर्कशॉप आयोजित हुई। इनमें बोन कैंसर की सटीक पहचान और उपचार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चैयरमैन डॉ प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले दिन पैथोलॉजी और ओआरपी वर्कशॉप के साथ ही एमएसके ट्यूमर में एडजुवेंट थेरेपी सिंपोजियम मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, मस्कुलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी में मॉलिक्यूलर प्रोफाइलिंग, मैलिग्नेंट बोन और सॉफ्ट टिशू ट्यूमर, मैलिग्नेंट बोन और सॉफ्ट टिशू ट्यूमर विषयों पर दस सत्र आयोजित हुए। इन सत्रों में 40 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय विषेषज्ञों ने पेपर प्रजेंटेषन एवं सत्र में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्ष किए। इन वर्कशॉप में देशभर से विषय विशेषज्ञों के साथ ही मेडिकल स्टूडेंट्स ने भी भाग लिया और ट्रेनिंग सेशन में कई नई नकनिकों के बारे में जानकारी ली। आईएमएसओएस के प्रेसिडेंट डॉ. आशीष गुलिया ने बताया कि इन तीन दिनों में विशेषज्ञों, सर्जन्स, ऑन्कोलॉजिस्ट्स एवं शोधकर्ताओं की ओर से हड्डी एवं सॉफ्ट टिश्यू कैंसर के नवीनतम उपचार, अनुसंधान, सर्जिकल तकनीकों पर गहन चर्चा की जा रही है। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन इंटरनेशनल स्पीकर डॉ.रॉब पोलॉक यूके, डॉ. फिलिप टी. फुनोविक्स ऑस्ट्रिया, डॉ. विवेक अजीत सिंह मलेशिया और डॉ. गुरपाल सिंह सिंगापुर के साथ ही कई नेशनल स्पीकर के महत्वपूर्ण सेशन आयोजित होंगे। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ अरविन्द ठाकुरिया ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन समारोह शनिवार शाम पांच बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंहए पीवीएसएमए एवीएसएमए वाईएसएमए वीएसएमए जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, साउथ वेस्टर्न कमांड होंगे।

## सम्पादकीय

# नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे।

## विशेष आलेख

# कूटनीतिक संतुलन साधने की चुनौती

> पश्चिम एशिया के साथ गहरे जुड़ाव को देखते हुए भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता व्यापार, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा आपूर्ति है। भारत को न केवल संतुलन बनाने, बल्कि क्षेत्र में अपने बड़े हितों को सुरक्षित करने पर भी ध्यान देना होगा। यह संकट हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए चिंताएं पैदा करता है। यह क्षेत्र हमारे तेल आयात का लगभग 55 प्रतिशत आपूर्ति करता है, जिसमें इराक और सऊदी अरब जैसे देश शीर्ष आपूर्तिकर्ता हैं।

पश्चिम एशिया के अस्थिर-अशांत परिदृश्य में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने भारत को एक जटिल और नाजुक कूटनीतिक स्थिति में डाल दिया है। ईरान पर अमेरिका-इजरायली हमले ने, जिसे आपरेशन रोरिंग लायन नाम दिया गया है, के बाद ईरान ने भी जार्डन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य देशों पर मिसाइल हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की है। इसने ऊर्जा आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा और व्यापक क्षेत्रीय अस्थिरता को लेकर भारत सहित प्रमुख शक्तियों के बीच वैश्विक चिंताओं को बढ़ा दिया है।

आज यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध की कगार पर है, जिससे और अधिक चुनौतियां और चिंताएं पैदा हो रही हैं। जहां भारत-ईरान संबंध पारंपरिक रूप से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपर्कों द्वारा परिभाषित होते हैं, वहीं पिछले एक दशक में भारत ने इजरायल के साथ भी एक मजबूत और व्यापक रक्षा साझेदारी बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इजरायल यात्रा ने दोनों देशों ने अपने संबंधों को शांति, नवाचार और समृद्धि के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया है।

पश्चिम एशिया के साथ गहरे जुड़ाव को देखते हुए भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता व्यापार, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा आपूर्ति है। भारत को न केवल संतुलन बनाने, बल्कि क्षेत्र में अपने बड़े हितों को सुरक्षित करने पर भी ध्यान देना होगा। यह संकट हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए चिंताएं पैदा करता है। यह क्षेत्र हमारे तेल आयात का लगभग 55 प्रतिशत आपूर्ति करता है, जिसमें इराक और सऊदी अरब जैसे देश शीर्ष आपूर्तिकर्ता हैं। मध्य एशिया से आने वाले कच्चे तेल की आपूर्ति को इसकी क्षेत्रीय निकटता और रिफाइनरी अनुकूलता के लिए महत्व दिया जाता है। इसके अलावा भारत कच्चे तेल का लगभग दो-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आधा हिस्सा होर्मुज की खाड़ी के माध्यम से आयात करता है, जो एक प्रमुख शिपिंग मार्ग है और जिसे ईरान ने बंद कर दिया है। यह हमारे तेल आयात का महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।



पश्चिम एशिया से तेल की शिपिंग के लाजिस्टिक फायदे भी हैं। हालांकि भारत वैकल्पिक ईंधन स्रोतों की खोज कर रहा है, विशेष रूप से पश्चिम अफ्रीका में, लेकिन पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ता संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री व्यापार मार्गों के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा करता है। 2025 में इसी तरह के तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को सौ डालर प्रति बैरल से ऊपर धकेल दिया था, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया था और घरेलू मुद्रास्फीति की दर भी प्रभावित हुई थी। तेल की कीमतों में वृद्धि हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को प्रभावित करेगी और घरेलू बाजार पर दबाव डालेगी।

भारत के ईरान और इजरायल, दोनों से व्यापारिक संबंध हैं। 2025 में ईरान के साथ व्यापार लगभग 2.42 अरब अमेरिकी डालर रहा, जिसमें भारत ने 1.24 अरब डालर के सामान का निर्यात किया। यूरोप और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में भारत अपने निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा बाब अल-मंदब जल मार्ग के जरिए करता है। हाल के समय में इजरायल के साथ भारत के रक्षा संबंधों में एक मौलिक बदलाव आया है, जो केवल परंपरागत लाजिस्टिक रक्षा आपूर्ति से आगे बढ़कर भारत में संयुक्त सैन्य संसाधनों के साझा विकास और उत्पादन तक पहुंच गया है। इजरायल भारत के लिए उन्नत हथियारों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, जिसमें ड्रोन और मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। ऐसे में ईरान और इजरायल के बीच कूटनीतिक संतुलन साधते हुए अपने हितों को बचाना भारत की पहली प्राथमिकता होगी। पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाला संकट वहां हमारी कनेक्टिविटी परियोजनाओं को भी प्रभावित करेगा। एक बड़ी चिंता भारत के 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' (आइएनएसटीसी) के बाधित होने की हो सकती है, जिसका उद्देश्य ईरान के माध्यम से यूरोपीय व्यापार को बढ़ावा देना है। आइएनएसटीसी का पूरा होना ईरानी रेल और सड़क नेटवर्क पर निर्भर करता है। युद्ध के चलते इन बुनियादी ढांचों को सैन्य रसद के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त ईरान का चाबहार बंदरगाह भी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक निवेश है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है। यह न केवल पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह, जिसे चीन द्वारा बनाया जा रहा है, का एक रणनीतिक विकल्प है, बल्कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा की आवश्यकता पूरी करने और मध्य एशिया में दुर्लभ खनिजों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। चाबहार बंदरगाह आइएनएसटीसी का प्रवेश बिंदु है। इज़रायल-ईरान संघर्ष का बढ़ना इस परियोजना को प्रभावित कर सकता है।

एक और महत्वपूर्ण परियोजना जो इस संघर्ष से प्रभावित हो सकती है, वह है भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आइएमईसी)। क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए दिल्ली की यह एक और महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री मोदी की एक्ट वेस्ट पालिसी का उद्देश्य स्वेज नहर के माध्यम से स्थापित परंपरागत व्यापार मार्गों से हटकर भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच एक नए आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है और आइएमईसी इस उद्देश्य के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कड़ी है। ईरान संकट ने इन सभी कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों के अलावा इस संकट का एक मानवीय पक्ष भी है, जो भारत के राष्ट्रीय हित का एक बड़ा पहलू है। पश्चिम एशियाई क्षेत्र में लगभग 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। यह समुदाय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए हर साल लगभग सौ अरब डालर का योगदान देता है। यह वित्तीय प्रवाह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो व्यापार असंतुलन और वैश्विक मुद्रा में उतार-चढ़ाव के खिलाफ एक बफर (सुरक्षा) प्रदान करता है। इस पूरे विवाद में भारत की नीति बहुपक्षीय सहयोग की नीति के अनुसार है। सभी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ अपने अच्छे संबंधों का लाभ उठाकर दिल्ली एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में भी कार्य कर सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### वृष
प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

### मिथुन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

### कर्क
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

### सिंह
कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या
फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा।

### तुला
एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### धनु
कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

### मकर
विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### कुंभ
नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

### मीन
घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# करना है वेट लॉस तो जरूर खाएं पाइनएप्पल

अधिकतर लोग मानते हैं कि वजन कम करने के लिए उन्हें उबला हुआ और बेस्वाद खाना ही खाना पड़ेगा। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आप समझदारी से अपनी फूड च्वॉइस चुनते हैं तो इससे आप अपने टेस्ट बड का ख्याल रखते हुए भी वेट लॉस कर सकते हैं। पाइनएप्पल भी एक ऐसा ही फल है, जो खाने में बेहद ही टेस्टी होता है। इतना ही नहीं, अगर इसे डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है।



### कैलोरी होती है कम

पाइनएप्पल में किसी भी अन्य स्नैक की तुलना में कैलोरी कंटेंट काफी कम होता है और इसलिए इसे मिड-मील्स में खाना काफी अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हालांकि, इसका सेवन करते समय आपको पोर्शन का ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

### रखे हाइड्रेटेड

अनानास में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर और पानी होता है, जिसके कारण यह आपको ना केवल फुलर होने का अहसास करवाता ह, बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी मेंटेन रखता है। जब आपका शरीर ठीक से हाइड्रेटेड होता है, तो यह आपकी भूख को नियंत्रित करता है और आपको अत्यधिक खाने से रोकता है।

### पाचन में मददगार

पाइनएप्पल में ब्रोमेलैन प्रोटीन के अणुओं को तोड़ने के साथ-साथ पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। जिससे पाचन बेहतर तरीके से होता है। जब पाचन बेहतर होता है तो इससे मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और आपको अतिरिक्त किलो वजन कम करने में मदद मिलती है।

### प्रचुर मात्रा में होता है फाइबर

पाइनएप्पल में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं। जिसके कारण जब इसका सेवन किया जाता है तो यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखने और तृप्ति की भावना पैदा करते है। जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

### बैली फैट को कम करने में सहायक

आपको शायद पता ना हो, लेकिन पाइनएप्पल बैली फैट को कम करने में बेहद सहायक है। दरअसल, इसमें प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं और यह पेट की चर्बी को टारगेट करता है। इसमें ब्रोमेलैन नामक एक प्रोटीयोलाइटिक एंजाइम होता है जो प्रोटीन के बेहतर पाचन और उपयोग में मदद करता है। इस प्रकार, यह पेट की चर्बी को कम करने में भी मदद करता है।

# रोजमेरी ऑयल में बादाम तेल मिक्स करके लगाने से दूर होंगी बालों की यह समस्याएं

बालों की समस्या से हर कोई दो-चार होता है। सबके लिए इसकी वजहें अलग-अलग हो सकती हैं। किसी का खानपान इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है, किसी का स्वास्थ्य, तो किसी की लाइफस्टाइल। लेकिन अगर आप एक-साथ कई तरह की हेयर प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं, तो इसके लिए आपको एक ऐसा उपाय अपनाना चाहिए, जो आपके बालों पर कारगर तरीके से काम करे। ऐसे में, आप रोजमेरी और बादाम तेल का मिश्रण अपने बालों में लगा सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलेंगे।



### बादाम-रोजमेरी तेल से होती हेयर ग्रोथ

रोज़मेरी ऑयल में कार्नोसिक एसिड पाया जाता है। रोजमेरी में इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं, जो ब्लडसर्कुलेशन को बेहतर बनाती है, जिससे हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है। इसी तरह बादाम तेल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन पाया जाता है। ये तमाम तत्व हेयर ग्रोथ में मदद करते है। इसके अलावा, ये दोनों ही तेल बालों को सीजनल समस्याओं, जैसे ड्राईनेस और खुजली से बचाने में भी मदद करते हैं।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बाल होते हैं मजबूत

जब आप बादाम और रोजमेरी तेल को आपस में मिक्स करके अपने सिर में अप्लाई करते हैं और इससे अच्छी तरह अपने स्कैल्प की मसाज करते हैं, तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से बालों को मजबूती मिलती है। अच्छे रिजल्ट के लिए आप बादाम और रोजमेरी ऑयल को करीब दो घंटे तक बालों में लगाए रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें। ऐसा सप्ताह में दो बार करें।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों का झड़ना कम होता है

मौसम बदलते ही बालों के झड़ने की समस्या बहुत आम हो जाती है। ऐसे में अगर आप हेयर फॉल को रोकने के लिए सूटेबल शैंपू और ऑयल का इस्तेमाल न करें, तो इससे बालों के झड़ना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोजमेरी ऑयल को शैंपू में मिलाकर सिर में अप्लाई करने से हेयर फॉल रुकता है और गंजेपन की शुरुआत होने के दौरान रोजमेरी का इस्तेमाल किया जाए, तो आपको इसका फायदा मिल सकता है।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों शाइनी होते हैं

अगर आपके बाल रूखे और बेजान नजर आते हैं, तो ऐसे में आप बादाम तेल में रोजमेरी ऑयल मिक्स करके लगा सकते हैं। इन दोनों तेलों को मिक्स करके अपने बालों में लगाना बहुत आसान यही। आपको सिर्फ इतना करना है कि दोनों तेलों को पहले सामान मात्रा में मिक्स कर लें। अब अपनी हथेली में तेल लें, हाथो को आपस में रब करें और अब दोनों हाथों से सिर की मसाज करें। इससे स्कल्प की मसाज होगी, जिससे बालों पर भी असर पड़ेगा। नियमित रूप से इस तरह दोनों तेलों का इस्तेमाल किया जाए, तो बालों की चमक बढ़ेगी।



# जायफल तेल के इस्तेमाल से शरीर को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

जायफल हर किचन में पाए जाने वाला मसाला है। इसकी खूशबू काफी शानदार होती है। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ इसका इस्तेमाल स्वाद को मीठा करने के लिए भी किया जाता हैं। इसका प्रयोग आमतौर पर दाल, पुलाव, हलवा, बर्फी, लड्डू, बिरयानी और सूप बनाने में किया जाता है। जायफल के साथ इसका तेल भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह तेल पतला और हल्के पीले रंग का होता है, जो शरीर की कई समस्याओं को दूर करता हैं। इसके तेल के इस्तेमाल से शरीर का दर्द दूर होने के साथ यौन शक्ति भी बढ़ती है। इस तेल में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, फोलेट, प्रोटीन, विटामिन ए और विटामिन सी। यह स्वाद में तीखा होने के साथ शरीर को हेल्दी रखता है। यह तेल शरीर को डिटॉक्स करके विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकालता हैं। इस तेल को कई चीजों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**भूख बढ़ाएं :** जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है। कई लोगों को भूख न लगने की समस्या होती है। इस समस्या के कारण कई बार वह ठीक से खाना नहीं खा पाते। ऐसे में जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है।

**सांसों की दुर्गंध दूर करें :** जायफल तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं, जो सांसों की बदबू को दूर करने के साथ बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। यह तेल मसूड़ों की सूजन से राहत देता है और दांतों को हेल्दी रखता हैं। जायफल का तेल दांत में होने वाले दर्द को भी आसानी से दूर करता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** जायफल का तेल स्किन में होने वाली समस्याओं को भी दूर करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मुँहासे, दाग- धब्बे, असमान त्वचा टोन, ड्राई स्किन और त्वचा को चमकदार बनाता हैं। यह स्किन को पोषण देकर नेचुरल तौर पर स्किन की समस्याओं को ठीक करता हैं।

**यौन शक्ति बढ़ाएं :** जायफल की खूशबू बहुत तेज होने के साथ यह महिला और पुरुष दोनों में यौन शक्ति को बढ़ाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इस तेल की 3 से 4 बूंद को पानी में मिलाकर नहाएं।

# सीए बनने पर विद्यालय ने किया गौरवपूर्ण सम्मान

जयशंकर जांगिड़



झुंझुनू (नवयत्न)। शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार की होनहार दो छात्राओं राजकुमारी पारीक व साक्षी चैधरी के चार्टड अकाउंटेंट सी.ए. बनने पर विद्यालय परिवार की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में हर्ष व गौरव का वातावरण छा गया। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल और प्राचार्य विजय मसीह ने राजकुमारी व साक्षी को फूलमाला, शॉल और समृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दोनों छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य विजय मसीह ने बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं ने अपनी की मेहनत लग्न और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि परिवार के लिए ही नहीं पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सम्मानित छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर परिश्रम, समय का सही उपयोग और दृढ़ संकल्प से ही लक्ष्य को पाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सफलता के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। विद्यालय समन्वयक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मात्र 19 वर्ष व कुछ महीने की आयु में सी.ए. बनने का खिताब पाकर पूरे झुंझुनू को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने कामना व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन की हर चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए आगे सफलता हासिल करेंगे। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 200 बेबी किट भेंट



निसं

नोखा (नवयत्न)। मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल नोखा वीर केंद्र द्वारा 200 बेबी किट राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भेंट किए गए। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्रकुमार हीरावत ने बताया कि ये हाईजेनिक बेबी किट प्रति माह इस चिकित्सालय में भेंट किये जाते हैं जो कि नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य शिविर प्रभारी वीर भंवरलाल पींचा ने बताया कि मार्च माह के बेबी किट मोटाराम सूरजमल दूगड़, गंगाशहर-नोखा के सौजन्य से उपलब्ध करवाये गये। ये बेबी किट केंद्र प्रतिनिधि श्याम सेवग, निर्मल शर्मा, मघाराम ने प्रसूति विभाग की प्रभारी प्रज्ञा बारुपाल को भेंट किये। प्रसूति विभाग प्रभारी प्रज्ञा बारूपाल ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तर पर होगा झुंझुनू जिला कलेक्टर गर्ग का सम्मान

बाबूलाल शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का राज्य स्तरीय समारोह इस बार हनुमानगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (सर्वाधिक संख्या में ऋण आवेदन एवं राशि स्वीकृत करने वाले जिले के रूप में) जिला कलक्टर डॉ अरूण गर्ग को सम्मानित किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर के अतिरिक्त (सर्वाधिक संख्या में ऋण आवेदन एवं राशि स्वीकृत करने वाले जिला स्तरीय एलडीएम श्रेणी में) गोपाल प्रसाद तथा सर्वाधिक राशि के ऋण स्वीकृत करने वाली ब्रांच की श्रेणी में पंजाब नेशनल बैंक के बैंक शाखा प्रबंधक विकास शिवराण को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वहीं जिला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में दूसरे नम्बर पर रहा है।

## फागोत्सव कल

निसं



सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय अगुणा बाजार स्थित श्री रूपया वाला बालाजी मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को फागोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महंत जुगल किशोर दास महाराज ने बताया कि रंग पंचमी के मौके पर रविवार दोपहर दो बजे से फागोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न मंडलियों द्वारा धमाल की प्रस्तुति दी जायेगी। आयोजन की तैयारियों में बालाजी के भक्त जुटे हुए हैं।

## गिरधर शर्मा को मिलेगा पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान

निसं



सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय राजकीय पीसीबी स्कूल के प्रांगण में कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ोदरा के तत्वावधान में आगामी 11 मार्च को आयोजित समारोह में दी यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के सूत्रधार देश के प्रसिद्ध कथक गुरु पंडित जगदीश गंगानी ने बताया कि विगत कई दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय गिरधर शर्मा को उक्त सम्मान प्रदान किया जायेगा। गांव बड़ाबर के मूल निवासी और देश के अग्रणी कथक नृत्याचार्य पंडित सुंदरलाल गंगानी और उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला गंगानी की स्मृति में आयोजित इस सम्मान स्वरूप मान पत्र, शॉल और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य रणवीरसिंह महरिया एवं संयोजन का दायित्व साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा को दिया गया हैं।

## होली स्नेह मिलन एवं महिला सम्मान समारोह कल

हर्ष सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। लायंस क्लब झुंझुनू के द्वारा रविवार को पंसारी लायंस अस्पताल बगड़ रोड, झुंझुनू में सांय साढ़े 5 बजे कार्यकारिणी सभा के पश्चात होली स्नेह मिलन समारोह एवं महिला दिवस पर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। महिला सम्मान समारोह लायन प्रमोद तुलस्यान, लायन रेखा तुलस्यान के आर्थिक सौजन्य से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक एमजेएफलायन रघुनाथ प्रसाद पोद्दार होंगे।

# खाटूश्यामजी मेला शांतिपूर्ण सम्न्न होने पर पुलिस ने निकाली निशान यात्रा

निसं



रींगस (नवयत्न)। खाटूश्यामजी मेले के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर पुलिस अधीक्षक सीकर के नेतृत्व में पुलिस ने रींगस से खाटूश्यामजी निशान पदयात्रा निकाली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सीकर भी नंगे पाव 16 किमी की यात्रा की। इस दौरान पुलिस का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। सुबह 7 बजे सीकर पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण कुमार नूनावत खाटूमोड स्थित परसरामपुरिया धर्मशाला में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाटूश्यामजी मेला शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। प्रदेश के लोग सुख-शांति व खुशहाल रहे इस कामना के साथ नंगे पाव पदयात्रा निकाली जा रही है। सब पर खाटूश्यामजी का आर्शिवाद रहे, देश खुशहाल रहे। वहीं रींगस एएसपी दीपक गर्ग ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से मेला सुख शांति से सम्पन्न हुआ है। सभी के साथ पुलिस नंगे पाव पदयात्रा निकाली। इस दौरान निशान पदयात्रा में एसपी प्रवीण कुमार नूनावत के साथ एएसपी रींगस दीपक गर्ग, एएसपी सीकर तेजपाल सिंह, एएसपी किशोरी लाल, सीओ सीटी सीकर, सीओ खाटूश्यामजी राव आनन्द अजीतगढ़ सीओ खण्डेला, व सीओ दातारामगढ़ कैलाश कंवर सहित रींगस थाना प्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा, खाटूश्यामजी पवन चौबे सदर एसएचओ अमित कुमार नागौरा, खण्डेला थानाप्रभारी जाजोद थानाप्रभारी गिरवारी लाल डीएटी इन्चांज कैलाश यादव सहित अनेक पुलिस कर्मी खाटू मोड़ स्थित परसरामपुरिया धर्मशाला में निशानों की पूजा अर्चना की। विधी विधान के बाद पुलिसकर्मियों ने निशान हाथों में थाम कर बाबा के जयकारे करते हुए नग पाव रोगस से रवाना हुए। इस दौरान पुलिसकर्मियो ने 16 किमी लम्बी दूरी तय की। पदयात्रा के दोरान पुलिस ने भजन किर्तन भी किए। इस दौरान खाटूश्यामजी सदर तथा रींगस थाने के पुलिस, सजाई सुरेश कुमार हैड कास्टेबल आसूचना अधिकारी विजय कुमार मीणा अमर सिंह, कमलेश कुमार खेमचन्द्र, राजेश कुमार विनोद कुमार, रविन्द्र सहित अनेक थाने के पुलिसकमी भी मौजूद थे।

## मेंहदी व पोस्टर प्रतियोगिता से दिया महिला दिवस का संदेश



निसं

चूरू (नवयत्न)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को महिला दिवस से पूर्व एएनएमटीसी केन्द्र पर मेंहदी व पोस्टर प्रतियोगिता व गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि महिला दिवस से पूर्व एएनएम प्रशिक्षार्थी छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व महिला जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अहसान गौरी ने हर क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों व महिला अधिकारों की जानकारी दी। पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा ने बताया कि मेंहदी प्रतियोगिता में रितिका व संध्या सैनी तथा पोस्टर प्रतियोगिता में पूनम को सम्मानित किया गया। इस दौरान नर्सिंग टयूटर शाहिद, विवेक थालौड़, मंजू, सुनीता, सरिता, कृष्णा, शारदा व महेन्द्र गोपाल मौजूद रहे।

## तीन मंजिला कूलर फैक्ट्री में भीषण आग लगने से मची अफरा-तफरी



निसं

जयपुर (नवयत्न)। बिंदायका थाना इलाके में स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक प्लास्टिक कूलर बनाने वाली तीन मंजिला फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि उसका धुआं कई किलोमीटर दूर से ही नजर आने लगा। गनीमत रही कि समय रहते फैक्ट्री में सो रहे चार लोगों को जगाकर बाहर निकाल लिया गया, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि, फैक्ट्री में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। थानाधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ, जब फैक्ट्री के भीतर करीब आधा दर्जन मजदूर सो रहे थे। आग की लपटें उठते देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और सो रहे मजदूरों को समय रहते जगाकर बाहर निकाला। वहीं फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर 11 कमर्शियल गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग की लपटें सिलेंडरों तक पहुंचने से बड़े धमाके का खतरा बना हुआ था। जहां मौके पर मौजूद कांस्टेबल संदीप कुमार और अन्य साथियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर उन सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाला। सिविल डिफेंस के कर्मचारियों ने भी मोर्चा संभाला और अन्य ज्वलनशील पदार्थों को हटाया ताकि आग और ज्यादा न फैले। सूचना मिलते ही बिंदायका, बगरू, झोटवाड़ा और मानसरोवर से दमकल की करीब 40 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता को देखते हुए जयपुर से विशेष वाहन टीटीएल टर्नटेबल लैडर भी बुलाया गया, जिसकी मदद से ऊंचाई पर पहुंचकर पानी की बौछारें की गईं। सिविल डिफेंस के कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर सभी 11 सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाला।

थानाधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फैक्ट्री में भारी मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर मिलने और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी को लेकर जांच की जा रही है। एएफओ भंवर सिंह ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। जिसके बाद दमकलकर्मियों ने जेसीबी की मदद से फैक्ट्री का पिछला हिस्सा तोड़कर रास्ता बनाया। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत और निजी पानी के टैंकरों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया था। वहीं राहत कार्य के दौरान एक चौंकाने वाली बात सामने आई। फैक्ट्री में आग बुझाने के लिए लगाए गए कई फायर फाइटिंग उपकरण एक्सपायरी डेट के मिले, जो आपात स्थिति में काम नहीं आए।

# चादर महोत्सव का शंखनाद: भागवत बोले दादागुरु की परंपरा सनातन एकता का प्रतीक

निसं




जयपुर (नवयत्न)। स्वर्ण नगरी जैसलमेर के डेडानसर मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय भव्य चादर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर महाराज की निश्रा में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पूरा जैसलमेर दादागुरु जिनदत्त सूरि की भक्ति के रंग में डूबा नजर आया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकात्मता और सामाजिक समरसता में दादागुरु परंपरा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वजों ने सिखाया है कि जीवन में विविधता है, लेकिन केवल विविधता को जगह देने से अनेकता पैदा होती है। जैन दर्शन हमें सिखाता है कि श्रद्धा के साथ किसी भी मार्ग पर चलकर ईश्वर को पाया जा सकता है। भागवत ने समाज से अपील की कि वे सभी हिंदुओं को एक ही परिवार मानें और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर देश के लिए जीने का संकल्प लें। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 7 मार्च को होने वाला सामूहिक श्दादागुरु इकतीसा पाठ है। आचार्य श्री जिनमनोज्ञ सागर जी की प्रेरणा से आयोजित इस संकल्प के तहत विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालु पाठ करेंगे। इसमें वीएचपी के 30 हजार केंद्र, विद्या भारती के स्कूल और देशभर की दादाबाड़ियां शामिल होंगी। जैसलमेर जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह भंसाली ने बताया कि 11वीं शताब्दी में आचार्य जिनदत्त सूरी के अग्निसंस्कार के समय उनकी चादर का न जलना एक दैवीय चमत्कार माना जाता है। करीब डेढ़ सदी पहले जैसलमेर के महारावल इसे महामारी रोकने के लिए पाटन से लाए थे। अब 871 वर्षों में पहली बार इस पवित्र चादर का सार्वजनिक अभिषेक और दर्शन का अवसर श्रद्धालुओं को मिल रहा है। वहीं शनिवार को जैसलमेर किले से भव्य श्चादर वरघोड़ा शोभायात्रा निकलेगा। दोपहर में चादर अभिषेक और शाम को प्रसिद्ध संगीतकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी और रविवार को उपाध्याय महेंद्र सागर महाराज को आचार्य पद प्रदान किया जाएगा। साथ ही अभिषेक जल और वासक्षेप का वितरण होगा। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व महारानी रासेश्वरी राज्य लक्ष्मी, पद्मश्री डॉ. डी. आर मेहता, संयोजक तेजराज गोलेछा सहित देश भर से आए 400 संत और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक सामग्री वितरण समारोह आज

निलेश मुद्गल

झुंझुनू (नवयत्न)। स्थानीय केशव उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में एसबीआई बैंक के द्वारा सीएसआर के तहत आदर्श शिक्षण संस्थान, झुंझुनूं द्वारा संचालित जिले के समस्त विद्या मंदिर के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण समारोह का आयोजन शनिवार को सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समयानुकुल संसाधनों की उपलब्धता हेतु एसबीआई बैंक से सीएसआर फण्ड द्वारा 75 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। उस राशि से 59 इनट्रेक्टिव पेनल, 60 कम्प्यूटर और 1170 चाइल्ड टेबल-कुर्सियां इत्यादि सामग्री को जिले के सभी विद्या मंदिरों को वितरण किया जायेगा। जिसमें सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रभारी व स्थानीय समिति के संरक्षक, अध्यक्ष, व्यवस्थापक,, कोषाध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता तथा सम्पूर्ण जिला कार्यकारिणी अपेक्षित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह शेखावत स्वतंत्र निदेशक भारतीय स्टेट बैंक रहेंगे।

# सात दिवसीय भौगोलिक क्षेत्रीय सर्वेक्षण शिविर का शुभारम्भ



निसं

सूरजगढ़ (नवयत्न)। आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय में भूगोल विभाग में स्नातकोत्तर स्तर के सात दिवसीय भौगोलिक क्षेत्रीय सर्वेक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को गांव रघुनाथपुरा में प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा की अध्यक्षता व लक्ष्मीनारायण शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कैप्टन इन्द्राज दड़िया, एएनएम सुमन, डॉ. मधुलता सैनी, डॉ. अनिता सैनी, ज्योति व विभागाध्यक्ष कुरड़ा राम के सानिध्य में हुआ। सर्वेक्षण प्रभारी आलोक शर्मा ने सर्वेक्षण के अन्तर्गत किये जाने वाले वाले कार्यों की रुपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने सर्वेक्षण टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सुखदेव ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान स्थिति, आकार, विस्तार, सामाजिक, आर्थिक आदि के सम्बन्ध में विद्यार्थियों द्वारा सर्वे का कार्य किया जायेगा। भौगोलिक सर्वेक्षण शिविर में एम, प्रीवियस के विद्यार्थी ग्रामीणों से घर.घर जाकर आंकड़ों का संग्रह करेंगे तथा एम, फाइनल के विद्यार्थी प्लेन टेबिल के माध्यम से गाँव का मानचित्र तैयार करेंगे। सर्वेक्षण कार्य में योगिता शर्मा, अन्नू, अनुष्का, हिमांशु, पुनित, वन्दना, पूजा आदि का सहयोग रहा।

# गौशाला में एक लाख का गुप्तदान, पदाधिकारियों ने जताया आभार

निसं



जाखल (नवयत्न)। क्षेत्र की प्रतिष्ठित जाखल गौशाला को एक भामाशाह द्वारा एक लाख रुपए का गुप्तदान प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि दानदाता ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं करने की इच्छा जताई है।

गौशाला प्रबंधन ने इसे गौसेवा के प्रति समाज की आस्था और विश्वास का प्रतीक बताया है। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग गौवंश के चारे, दवाइयों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किया जाएगा। वर्तमान समय में गौशाला में बड़ी संख्या में गौवंश की सेवा की जा रही है, जिसके लिए नियमित आर्थिक सहयोग की आवश्यकता रहती है। समिति ने गुप्तदान देने वाले दानदाता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से गौसेवा कार्यों को मजबूती मिलती है। उधर मेघली ढाणी के अनिल कुमार व सुरेंद्र कुमार खेदड़ ने अपने पिता झाबरमल खेदड़ की यादगार में प्रेरणादायक पहल करते हुए मृत्यु भोज के स्थान पर गोशाला में गौ सवामणी की। जो एक अच्छा सन्देश है। पदाधिकारियों ने खेदड़ परिवार को दुप्पटे व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जागरूकता रैली आज

झुंझुनू (नवयत्न)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 27 नवम्बर से 8 मार्च तक 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मार्च को जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने बताया कि रैली प्रातः 9 बजे शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झुंझुनूं से प्रारम्भ होकर कलक्ट्रेट कार्यालय तक निकाली जाएगी। रैली को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी संगठन भाग लेकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूकता का संदेश देंगे।

# धड़क से बवाल तक, अपने दम पर बनीं बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस



बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री जान्हवी कपूर आज यानी की 06 मार्च को अपना 29वां जन्मदिन मना रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने अभिनय और ग्लैमरस लुक से फैंस के दिलों में जगह बनाई है। जान्हवी को बचपन से एक्टिंग का शौक था। बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री जान्हवी कपूर आज यानी की 06 मार्च को अपना 29वां जन्मदिन मना रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने अभिनय और ग्लैमरस लुक से फैंस के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने अपने मासूमियत और टैलेंट से लाखों लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। जान्हवी को बचपन से एक्टिंग का शौक था, लेकिन उनकी मां नहीं चाहती थीं कि वह फिल्मों में काम करें।

### जन्म और परिवार

मुंबई में 06 मार्च 1997 को जान्हवी कपूर का जन्म हुआ था। उनके पिता बोनी कपूर और मां श्रीदेवी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस बॉलीवुड के मोस्ट फेमस कपूर खानदान से ताल्लुक रखती हैं। जान्हवी की मां से लेकर चाचा, दादा और पापा सभी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वहीं जान्हवी में भी अपने दम पर इंडस्ट्री में पहचान बनाई है।

### फिल्मी सफर

साल 2018 में आई फिल्म धड़क से जान्हवी कपूर ने बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में जान्हवी कपूर के अपोजिट ईशान खट्टर थे। यह फिर बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और एक्ट्रेस को जी सिने अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू मिला था। लेकिन अपने करियर की शुरूआत में जान्हवी को बड़े दुख का सामना करना पड़ा, जब उनकी मां और अभिनेत्री रहीं श्रीदेवी का निधन हो गया।

इसके बाद अभिनेत्री जान्हवी कपूर फिल्म गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल में नजर आई थीं। इस फिल्म में जान्हवी की एक्टिंग को खूब सराहा गया था। फिर जान्हवी कपूर ने गुड लक जैरी, मिली, रूही, बवाल,और परम सुंदरी जैसी फिल्मों में काम करके अपनी पहचान को मजबूत किया। आज के समय में जान्हवी नई पीढ़ी की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं।

# 'धुरंधर: द रिवेंज' का ट्रेलर आज होगा रिलीज

## रणवीर सिंह का डबल रोल, पांच भाषाओं में 19 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

काफी समय से चल रही अटकलों और फैंस की बढ़ती उत्सुकता के बीच जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज ने आखिरकार रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' के ट्रेलर रिलीज की घोषणा कर दी है। फिल्म का ट्रेलर कल सुबह 11:01 बजे जारी किया जाएगा। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की है।

यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन स्पाई-एक्शन एंटरटेनर है, जिसमें रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे। वह जस्किरत सिंह रंगी और हमजा अली माजरी के डुअल अवतार में दिखाई देंगे। मेकर्स का कहना है कि इस बार कहानी पहले से ज्यादा व्यक्तिगत और तीव्र संघर्ष से भरी होगी, जिससे फिल्म का रोमांच और भी बढ़ जाएगा।

फिल्म की कहानी उन अनजान नायकों पर आधारित है, जिनकी पहचान अक्सर पर्दे के पीछे रह जाती है, लेकिन जिनकी वजह से बड़े-बड़े मिशन पूरे होते हैं। इसी पृष्ठभूमि में इस बार संघर्ष और भी ज्यादा गहरा और भावनात्मक नजर आएगा।

फिल्म की पहली किस्त ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। खासतौर पर नॉर्थ अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया में इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। इसी वजह




से ट्रेड एक्सपर्ट्स और एग्जीबिटर्स को उम्मीद है कि 'धुरंधर: द रिवेंज' भी वैश्विक स्तर पर बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। शुरुआती अंतरराष्ट्रीय एडवांस ट्रेंड्स भी फिल्म के लिए सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। यह फिल्म जियो स्टूडियोज की प्रस्तुति और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, निर्देशित और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के निर्माता हैं।

'धुरंधर: द रिवेंज' को पांच भाषाओं- हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज का समय भी खास है, क्योंकि यह गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर और ईद से ठीक पहले दर्शकों के बीच आएगी।

# भाषा और पहनावे पर उड़ा मजाक, ऑडिशन में हुई बेइज्जती...

## सिद्धांत बोले- टाइम इंतजार से नहीं आता, मेहनत और धैर्य से खुद बनाना पड़ता है

सिद्धांत कहते हैं कि लोग कहते थे कि तुम हीरो मैटेरियल नहीं लगते। उस वक्त बुरा लगता था, लेकिन मैंने तय किया कि एक दिन काम से जवाब दूंगा। हिंदी सिनेमा की दुनिया हर साल नए चेहरों से रोशन होती है, लेकिन चमकते सितारों की भीड़ में अपनी अलग पहचान बना पाना हर किसी के बस की बात नहीं होती। इस चमक-दमक के पीछे अनगिनत संघर्ष, असफलताएं और आत्मविश्वास की लंबी परीक्षा छिपी होती है। ऐसे ही संघर्षों से निकलकर सामने आए नामों में सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम खास तौर पर लिया जाता है। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड, बिना किसी बड़े गॉडफादर और बिना तैयार मंच के उन्होंने अपने दम पर वह मुकाम हासिल किया, जिसकी कल्पना कई युवा कलाकार करते हैं और गली बॉय, खो गए हम कहां और बंटी और बबली 2 जैसी फिल्मों से उन्होंने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी यात्रा आसान नहीं रही। ऑडिशन दर ऑडिशन रिजेक्शन झेलना, बार-बार यह सुनना कि वे हीरो जैसे नहीं दिखते और इंडस्ट्री में आउटसाइडर का टैग लग जाना, ये सब किसी भी नए कलाकार का आत्मविश्वास डिगा सकते थे।

स्कूल के दिनों में उन्हें बुलिंग का सामना भी करना पड़ा, जिसने उनके व्यक्तित्व पर असर डाला, लेकिन उन्होंने इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। इसके बजाय, उन्होंने इन्हीं अनुभवों को अपनी ताकत में बदला। सिद्धांत की कहानी केवल एक अभिनेता के सफल होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जज्बे की कहानी है जो हर ठोकर के बाद इंसान को और मजबूत बनाता है। संघर्ष, धैर्य और खुद पर अटूट विश्वास के सहारे उन्होंने यह साबित किया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी आउटसाइडर अपनी जगह बना सकता है। आज की सक्सेस स्टोरी में आइए जानते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी के करियर और निजी जीवन से जुड़ी कुछ और बातें..

### साधारण घर में जन्म, बड़े सपने

सिद्धांत चतुर्वेदी का जन्म 29 अप्रैल 1993 को उत्तर प्रदेश के बलिया में हुआ। बचपन में ही उनका परिवार मुंबई आ गया, जहां उनकी परवरिश हुई। उनके पिता चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। घर में पढ़ाई-लिखाई को हमेशा प्राथमिकता दी जाती थी। अभिनय को करियर के रूप में चुनना परिवार के लिए शुरुआत में चौंकाने वाला था, लेकिन बेटे के जुनून को देखते हुए उन्होंने उनका साथ दिया।

### पढ़ाई और सीए की तैयारी


सिद्धांत ने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई से पूरी की। कॉलेज में उन्होंने बीकॉम में दाखिला लिया। इसके बाद पिता के पेशे से प्रेरित होकर उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई शुरू की और इंटरमीडिएट स्तर तक पहुंचे। परिवार चाहता था कि वे एक सुरक्षित और स्थिर करियर चुनें।

### थिएटर और मंच से बढ़ता लगाव

पढ़ाई के दौरान ही सिद्धांत का झुकाव थिएटर और मंच की ओर बढ़ने लगा। वे कॉलेज फेस्ट में परफॉर्म करते, स्टैंड-अप और स्पोकन वर्ड पोएट्री में हिस्सा लेते थे। मंच पर मिलने वाली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और अभिनय के प्रति उनका जुनून मजबूत होता गया।

### ऑडिशन और शुरुआती संघर्ष

मुंबई में ऑडिशन का दौर उनके लिए आसान नहीं था। कई बार उन्हें कहा गया कि वे टिपिकल बॉलीवुड हीरो जैसे नहीं दिखते। उनके घुंघराले बालों और हिंदी लहजे पर भी टिप्पणी की जाती थी। लेकिन इन सबके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अभिनय के सपने को आगे बढ़ाते रहे। स्कूल में भी उन्हें इसी वजह से चिढ़ाया गया था। लेकिन उन्होंने अपनी इसी पहचान को ताकत बना लिया।



# मंदाना करीमी भारत छोड़ेंगी : कहा- इंडिया ने धोखा दिया, काम मिलना बंद हुआ, ईरान आजाद होते ही लौटूंगी; पहले भी विवादों में रहीं एक्ट्रेस

ईरानी एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ने का फैसला कर लिया है। 25 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहीं मंदाना का कहना है कि भारत ने उन्हें धोखा दिया है और अब यहां उनकी कोई आवाज नहीं बची है। उन्होंने अपना सारा सामान पैक कर लिया है और जैसे ही ईरान में मौजूदा शासन खत्म होगा, वह वापस अपने देश लौट जाएंगी।

दरअसल ईरान-इजराइल युद्ध में 28 फरवरी को हुए मिसाइल हमलों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई थी। मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस मौत पर खुशी जाहिर की थी और ईरानी शासन की कड़ी आलोचना की थी। इसी विरोध के बाद से मंदाना को भारत में विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

**एक्ट्रेस का दावा- काम मिलना बंद हुआ**-बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। जनवरी 2026 से मुझे काम मिलना बंद हो गया है और मेरे पुराने कॉन्ट्रैक्ट भी कैंसिल कर दिए गए हैं।

**बैग पैक, सरकार गिरते ही ईरान लौटेंगी**-मंदाना का कहना है कि वह अब भारत से अपना नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, जैसे ही ऐलान होगा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिर गई है, मैं तुरंत चली जाऊंगी। मैंने अपना बैग पैक कर लिया है। मैं एक ऐसा ईरान देखना चाहती हूं जहां महिलाएं आजाद हों, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सकें और किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकें।

**मॉडलिंग से शुरू हुआ था मंदाना का करियर**-मंदाना करीमी का जन्म तेहरान में हुआ था। वह 2010 में पहली बार मॉडलिंग के लिए भारत आई थीं और 2013 से मुंबई में ही बस गईं। उन्होंने क्या कूल हैं हम 3, मैं और चार्ल्स और भाग जॉनी जैसी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा बिग बॉस और लॉकअप जैसे रियलिटी शोज से उन्हें पहचान मिली। इसके बाद मंदाना ने साल 2017 में भारतीय बिजनेसमैन गौरव गुप्ता से शादी की, लेकिन यह रिश्ता लंबा नहीं चला। 2021 में उनका तलाक हो गया। मंदाना ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

# कृति को क्रिटिसाइज करने वाली रील यामी ने लाइक की

## आलोचना होने पर दी सफाई, कहा- जानबूझकर नहीं किया, गलती हुई

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम और कृति सेनन के बीच विवाद चर्चा सोशल मीडिया पर में बना हुआ है। यह तब शुरू हुआ जब यामी ने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी रील लाइक कर दी, जिसमें कृति सेनन को मिले बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे।

इसके बाद सोशल मीडिया पर यामी गौतम का विरोध हो रहा था। अब एक्ट्रेस ने इस मामले पर सफाई दी है। यामी ने कहा कि मेरा इरादा किसी को नीचा दिखाना नहीं था। वह रील जानबूझकर लाइक नहीं की गई थी।






### यामी की सफाई, गलती से हुआ क्लिक

विवाद बढ़ता देख यामी गौतम ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर एक लंबा पोस्ट लिखकर सफाई दी। यामी ने लिखा, मुझे पता चला कि मैंने एक ऐसी रील को लाइक किया है जो दूसरे एक्टर के प्रति अपमानजनक है। हमें रोज कई चीजों में टैग किया जाता है, यह रील भी उसी तरह सामने आई थी। वह लाइक जानबूझकर नहीं किया गया था, शायद गलती से क्लिक हो गया होगा।

यामी बोलीं- मेरी कोई पीआर टीम नहीं यामी ने उन लोगों को भी जवाब दिया जो इसे पब्लिसिटी स्टंट बता रहे थे। उन्होंने लिखा, मैंने अपनी लाइफ में कभी भी घटिया पीआर के हथकंडे नहीं अपनाए हैं। मैंने हमेशा अपने काम पर फोकस किया है। आज की क्लिकबेट दुनिया में गॉसिप बनाना आसान है, लेकिन मेरी रेप्यूटेशन इससे कहीं बेहतर है। मेरी कोई पीआर टीम नहीं है। पोस्ट लाइक से शुरू हुआ विवाद हाल ही में जी सिने अवॉर्ड्स में कृति सेनन को फिल्म तेरे इश्क में के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं, फिल्म हक में शाजिया बानो के किरदार के बावजूद यामी गौतम को कोई अवॉर्ड नहीं मिला। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हुई।

इस रील में एक तरफ कृति अवॉर्ड का जश्न मना रही थीं और दूसरी तरफ यामी का एक पुराना इंटरव्यू चल रहा था। उस रील के जरिए कृति के अवॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे, जिसे यामी ने लाइक कर दिया था।

### वीडियो में यामी बोलीं वैलिडेशन की तलाश छोड़ी

रील में चल रहे इंटरव्यू के दौरान यामी ने अवॉर्ड्स को लेकर अपना नजरिया साफ किया था। उन्होंने कहा था, आप हर संभव कोशिश करते हैं, फिर भी बात नहीं बनती। इसलिए मैंने किसी भी तरह के वैलिडेशन की तलाश करना छोड़ दिया है। ऐसा नहीं है कि अवॉर्ड मिला तो ही मैं अच्छी एक्ट्रेस हूं। मैं बस अपने काम पर ध्यान दे रही हूं।

# ईरान के हालात पर मंदाना करीमी का बयान

## सुप्रीम लीडर की मौत पर बोलीं- महिलाएं खुश हैं, सालों से दबाव और डर में जी रही थीं

ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी मूल की अभिनेत्री मंदाना करीमी का बयान सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। उन्होंने ईरान में हो रही घटनाओं और वहां के राजनीतिक हालात को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद मंदाना के कुछ पोस्ट वायरल हुए, जिन पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिलीं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। मिसाइल हमलों से कई शहरों में तबाही का माहौल है और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

इन घटनाओं से दुखी होकर मंदाना करीमी ने सोशल मीडिया पर वीडियो और पोस्ट शेयर किए। एक वीडियो में वह रोती हुई भी नजर आईं और अपने देश के लोगों के लिए दुआ करती दिखीं। मंदाना का कहना है कि वह ईरान में पैदा हुई हैं और वहां की स्थिति से उनका भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि जब अपने देश में युद्ध और हिंसा होती है तो बाहर रह रहे लोगों के लिए भी यह बेहद दर्दनाक होता है। उन्होंने लोगों से ईरान के नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने की अपील की। खामेनेई की मौत की खबर के बाद कुछ जगहों पर लोगों के जश्न मनाने की तस्वीरें भी सामने आईं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंदाना ने कहा कि कई बार लोग युद्ध की वजह से खुश नहीं होते, बल्कि लंबे समय से चली आ रही दमनकारी परिस्थितियों के खत्म होने की उम्मीद में प्रतिक्रिया देते हैं।

# गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से प्रारंभ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सीकर कमाण्डेन्ट राजेश यादव ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर, झुन्झुन, चूरू के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक परेड ग्राउण्ड, पुलिस लाईन, सीकर पर आयोजित की जायेगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जायेगी। जिसमें केन्द्र, के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि एवं जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। 14 दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में जिला सीकर की 67, झुन्झुनूं की 15 एवं चूरू की 52 रिक्तियों (कुल रिक्तियां 134) के विरुद्ध जिला सीकर से 21024, झुन्झुनूं से 13370 एवं चूरू से 7003 प्राप्त आवेदनों के कुल 44497 अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जायेगी तत्पश्चात अभ्यर्थी दिये गये लिंक अथवा विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया लगभग 3 सप्ताह तक चलने की सम्भावना है। जिसके लिए अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों से सम्बन्धित प्रवेश पत्र में वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों की पूर्ण पालना की जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी को निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जिले का मूलनिवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ संलग्न महत्वपूर्ण अन्य सभी दिशा-निर्देशों की पालना करनी आवश्यक होगी। नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को ग्राउण्ड से बाहर जाकर कोई भी दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01572-240060 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

## ओडीओपी कार्यशाला आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद के रूप में चयनित उत्पादों को बढ़ावा देने, स्थानीय निवेश, निर्यात एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा चयनित उत्पाद से संबंधित कामगारों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई एक जिला - एक उत्पाद नीति-2024 के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय आईटीआई में 07 मार्च, 2026 को सवेरे 10 बजे ओडीओपी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि कार्यशाला में ओडीओपी रजिस्ट्रेशन एवं रजिस्ट्रेशन उपरांत मिलने वाले परिलाभों के आवेदनों के सबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। जिले के उद्यमी कार्यशाला में उपस्थित होकर एक जिला एक उत्पाद नीति सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## गोविंद देवजी मंदिर में गणगौर पूजन कल

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार आठ मार्च को सुबह नौ बजे से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं के अखंड सुख-सौभाग्य की कामना के साथ गणगौर और ईसर का पूजन किया जाएगा। विवाह के बाद पहली बार गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहिताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम नि:शुल्क है। इसमें कोई भी शामिल हो सकते हैं। कोई भी सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं है। नव विवाहिताओं के अलावा अन्य सुहागिन महिलाएं भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती है। इस मौके पर नि:शुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी होगा। यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार की टोली करेगी। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन महिला टोली करेंगी। यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा भी महिलाएं ही संभालेगी। सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए मंगला गौरी का विशेष पूजन किया जाएगा। निर्धारित समय नौ बजे तक यज्ञशाला में आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष उपहार प्रदान किया जाएगा। यज्ञ में कोई भी शामिल हो सकेंगे।

## मानसरोवर विराट सिंधु मेला 16 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति सेक्टर-12 अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में मानसरोवर विराट सिंधु मेला-2026 का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में यह मेला अग्रवाल फार्म स्थित एसएफएस सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। श्री झूलेलाल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार लख्यानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे शीश महल झूलेलाल मंदिर से भव्य ज्योत यात्रा निकाली जाएगी। जो मध्यम मार्ग से होते हुए एसएफएस सामुदायिक केंद्र पहुंचेगी। यहां श्री अमरापुर स्थान के संत सांई मोनू राम महाराज एवं संत मंडली के सान्निध्य में ज्योत प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण होगा। मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में इंडियन आइडल फेम मोहित शेवानी का लाइव कॉन्सर्ट पहली बार जयपुर में आयोजित होगा। वे अपनी टीम के साथ जर्नी ऑफ सिंधीज की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जो सिंध, सिंधी और सिंधियत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7:15 बजे से शुरू होंगे। मेले में सिंधु संस्कृति को दर्शाती झांकियां, भगवान झूलेलाल चित्र रंग भरो प्रतियोगिता तथा सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2025 के बाद जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

## बालिका सैनिक स्कूल के लिए चयन परीक्षा कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में चरणबद्ध रूप से प्रथम चरण में राजस्थान बालिका सैनिक स्कूल के लिए चयन परीक्षा 2026 का आयोजन 8 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। शिक्षा विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक ने बताया कि विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के माध्यम से पूज्या रामीदेवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक स्कूल जयमलसर, बीकानेर एवं महाराव शेखाजी बालिका सैनिक स्कूल, सीकर में प्रवेश के लिए चयन किया जाएगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र शाला दर्पण पोर्टल के बालिका सैनिक स्कूल टेब के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन आवेदन किया है, वे अपना प्रवेश पत्र संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रिंस में एसटीएसई राजस्थान टॉपर खुशी को 1 लाख का नकद पुरस्कार

निसं



**सीकर ( नवयत्न )।** बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित स्टेट टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 परिणाम में सीकर स्थित प्रिंस एजुहब से चयनित प्रतिभाओं के सम्मान में सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ऑल बोर्ड टॉप-20 में सम्पूर्ण राजस्थान में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली खुशी शेखावत को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार राजस्थान ऑल बोर्ड में द्वितीय रैंक प्राप्त करने वाले जतिन गोयल व ध्रुवी चौधरी प्रत्येक को 51-51 हजार रुपए तथा राजस्थान ऑल बोर्ड में तृतीय रैंक प्राप्त करने वाली रीतिका व प्रीतम सिंह को 31-31 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवालए प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह आदि ने चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर, नकद पुरस्कार, मोमेंटो, लैपटॉप बैग, दीवार घड़ीए अम्ब्रेला, व डायरी देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि राजस्थान बोर्ड द्वारा 2026 में घोषित एसटीएसई परिणाम में प्रिंस एजुहब से 278 विद्यार्थियों का एवं 2025 में घोषित एसटीएसई परिणाम में 184 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। दोनों ही वर्षों में राजस्थान टॉपर्स प्रिंस के विद्यार्थी रहे हैं।

# 13 मार्च से चूरू में किसानों का रेल रोको आंदोलन होगा शुरू

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू में बकाया बीमा क्लेम की मांग को लेकर एक बार फिर चूरू के किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में दिखाई दे रहे है जहाँ आज शहर के शिक्षक भवन में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसान नेता निर्मल प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान अपनी बकाया बीमा क्लेम की मांग सहित अन्य विभिन्न मांगो को लेकर 13 मार्च को रेल रोको आंदोलन का आगाज करेंगे फिर चाहे नतीजे कुछ भी हो। प्रजापत ने कहा चूरू के किसान लम्बे समय से अपनी बकाया बीमा क्लेम को लेकर मुखर हुआ लेकिन जयपुर के अधिकारी है हठधर्मी बनकर बैठे है ऐसे में 13 मार्च को जिलेभर के किसान पहले आपणी योजना स्थित कलक्टर दफ्तर के आगे इकट्ठा होंगे और फिर जुलूस के रूप में अग्रसेन नगर रेल्वे फाटक पहुंच रेल रोकेंगे।

### ये है मुख्य मांग

किसान नेता निर्मल प्रजापत ने कहा किसानों की मुख्य मांग है की किसानों को क्रॉप कटिंग के आधार पर क्लेम दिया जाए। खरीफ 2021 का 500 करोड़, 22 का 300 करोड़ रुपए बकाया है खरीफ 2023 का 600 करोड़ से अधिक का क्लेम बकाया वही रबी 23-24 और 25 का 900 करोड़ बकाया चल रहा है किसान नेताओं ने कहा बीमा कंपनी के द्वारा किसानों को ठगा जा रहा है और जयपुर में अधिकारी हठधर्मी बनकर बैठे है। बता दे की इससे पहले साल 2025 के नवंबर माह में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सांसद राहुल कस्वा द्वारा किसान संगठनों के साथ मिलकर जयपुर के लिए ट्रैक्टर कूच किया गया था लेकिन प्रशासन ने किसानों के ट्रैक्टर कूच को चूरू और उसके आसपास ही रोक दिया था और प्रशासन की मध्यस्थता के बाद जयपुर में किसान संगठनों के प्रतिनिधि मंडल की कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और बीमा कंपनी के अधिकारियों के साथ वार्ता हुई थी लेकिन उस वार्ता का भी धरातल पर कोई असर देखने को नहीं मिला।

## समस्या समाधान शिविर 13 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन 13 मार्च को सुबह 11 बजे बलिदानी योद्धा जयपाल चलका, सेना मेडल स्मारक, खींवासर में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि आसपास के गांवों के सभी पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं तथा उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में पेंशन, स्पर्श पीपीओ, रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आते समय अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं।

# बावलिया बाबा की हवेली बनी म्यूजियम, लोकार्पण 19 को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में बावलिया बाबा की हवेली को म्यूजियम में परिवर्तित किया गया है, जिसका लोकार्पण 19 मार्च को होगा। अरुण केडिया ने बताया कि इस अवसर पर ऊबली बालाजी से बुगाला घाम तक डीजे पर निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया जाएगा। बावलिया बाबा की हवेली में उनके उपयोग की गई वस्तुएं, स्मृति चिह्न और हवेली की पारंपरिक संरचना को संरक्षित रखा गया है। यह म्यूजियम परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट मुंबई द्वारा बनाया गया है। यहां उनके जीवन और कार्यों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें उनके उपयोग की गई वस्तुएं, पुराने दस्तावेज और पारंपरिक वस्त्र शामिल हैं। म्यूजियम के निर्माण में बावलिया बाबा के परिवार के सदस्यों और ट्रस्ट का सहयोग रहा है। 19 मार्च को होने वाले लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, और निशान यात्रा के दौरान बावलिया बाबा के भजन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। बावलिया बाबा एक महान संत थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और भक्ति में समर्पित किया था। उनके म्यूजियम में उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। बाबा के उपयोग की गई वस्तुएं जैसे की उनके कपड़े, पूजा की वस्तुएं और उनके द्वारा लिखे गए हस्तलिपि को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा, म्यूजियम में बावलिया बाबा के जीवन से जुड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं। गौरतलब है कि बावलिया बाबा का जन्म बुगाला की इसी हवेली में हुआ था और उन्होंने अपने जीवन को समाजसेवा और भक्ति में समर्पित किया था। वह एक महान संत थे, जिन्होंने लोगों को सही रास्ते पर चलने और भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया था। यहां उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। समारोह में परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री रतन सिंघानिया, जनसेवा ट्रस्ट के आत्माराम शर्मा सहित अनेक संत भी शामिल होंगे।

# नवीन गुर्जर बने झुंझुनू जिलाध्यक्ष

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा राजस्थान इकाई की ओर से झुंझुनू जिले में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नवीन नियुक्ति की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान द्वारा आदेश जारी करते हुए झुंझुनू जिले के काजड़ा निवासी नवीन गुर्जर को झुंझुनू जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार नवीन गुर्जर पुत्र सुनील खटाणा, निवासी काजड़ा, सूरजगढ़ पिलानी जिला झुंझुनू को अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा राजस्थान इकाई में झुंझुनू जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद समाज के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। संगठन की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि नवीन गुर्जर महासभा के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही महासभा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को मजबूत बनाने में भी वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


## आम सूचना

मेरे पिताजी शिवचन्द मांठ पुत्र मोहनलाल मांठ के नाम से गाड़ी नं RJ 23 CG 3507 टाटा नेक्शन है। मेरे पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 7-2-2026 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मेरी माताजी रामप्यारी मांठ पत्नी शिवचन्द मांठ अपने नाम से रजिस्टर्ड करवाना चाहती है। अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में सीकर परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**रामस्वरूप मांठ पुत्र शिवचन्द मांठ, जाति-जाट**
**निवासी-कारी, तहसील-नवलगढ़, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

## आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिलान श्री रफीक भाटी पुत्र जावदी खां भाटी व मुन्नी पत्नी मो. रफीक भाटी, जातियान कायमखानी निवासीगण वार्ड नं. 2 चूरू बाईपास बंधे का बालाजी के पास,, झुंझुनू, तहसील व जिला झुंझुनू राज. हैं। इरफान मेरे मुव्वकिलान का जायन्दा पुत्र है जो बालिग है व शादीशुदा है। उक्त इरफान व उसकी पत्नी सबीना व उसका पुत्र अब्दुल कावी मेरे मुव्वकिलान के कहे में नहीं है व मेरे मुव्वकिलान की पुत्रवधु सबीना मेरे मुव्वकिलान को हर समय तंग परेशान करती है उनके खिलाफ झूठे मुकदमें कराती है। मेरे मुव्वकिलान की पुत्रवधु मय अपने पुत्र बिना किसी वजह अपने पीहर में काफी समय से रह रही है। मेरे मुव्वकिलान के पुत्र व पुत्रवधु जालसाज प्रवृति के हैं। मेरे मुव्वकिलान ने अपने पुत्र व पुत्रवधु की उक्त हरकतों से परेशान होकर मेरे मुव्वकिलान ने अपने पुत्र इरफान, पुत्रवधु सबीना व पौत्र अब्दुल कावी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब से उपरोक्त का मेरे मुव्वकिलान की चल व अचल सम्पति में कोई हक हिस्सा नहीं है तथा उपरोक्त किसी के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार, लेन-देन करते है तो उसमें मेरे मुव्वकिलान की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

**हिदायत हुसैन एडवोकेट,**
**मो. 9414741726**

## कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2903 दिनांक :- 28/02/2026

**खुली निविदा सूचना**

स्मार्ट क्लास रुम आईटमस खुली निविदा (रु. 846500.00/- अक्षर आठ लाख छीयालीस हजार पांच सौ रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GSOB00535 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 07.03.2026 दोपहर 12:30 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/21784 **अधिष्ठाता**

## कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2907 दिनांक :- 28/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

Furniture Items ई - निविदा सूचना (रु. 24,98,200.00/- अक्षर चौबीस लाख अठयानबे हजार दो सौ रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GLOB00537 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 09.03.2026 दोपहर 12:30 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/21789 **अधिष्ठाता**

## कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2906 दिनांक :- 28/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

Laboratory Equipments ई - निविदा सूचना (रु. 14,50,000.00/- अक्षर चौदह लाख पचास हजार रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GLOB00539 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 10.03.2026 दोपहर 12:30 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/21805 **अधिष्ठाता**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/08 दिनांक :- 05/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द में अम्बेडकर भवन निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 6 | ZJU2526A0842 | ZJU2526WSOB01419 | 2026_PRD_544046_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाय
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/37 दिनांक :- 06.03.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 06-03-2026, प्रात: 10:00 बजे से 13-03-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 13-03-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 16-03-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 16-03-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र बाय के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0843 | ZJU2526WSOB01420 | 2026_PRD_544036_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बाय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# मुन्नीराम हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

## ग्रामीणों ने एसडीएम ऑफिस पर किया प्रदर्शन



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाईवे 20 स्थित द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल पर 2 मार्च को गांव ढाणी कालेरान के होटल संचालक मुन्नीराम मंडा की गोलियों से भुनकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार को ढाणी कालेरान व आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुन्नीराम मंडा के हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए जिला कलक्टर के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर नामजद आरोपियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की है। ग्रामिणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि उक्त प्रकरण में मुख्य षड्यंत्र कर्ता व नामजद आरोपी देवी सिंह खेरिया, सदाम अली, हाकम अलीए कमल खेरिया और फायरिंग कर्ता राजू नेहरा, धन्नाराम मोमासर और एक अन्य की गिरफ्तारी की 48 घंटे बित जाने के बाद भी नही होना चिंतनीय है। जिससे परिवादी समस्त गवाह तथा मृतक के परिवारजन डर के साय में जी रहे है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। उक्त घटना में मुख्य षड्यंत्रकर्ता देवीसिंह के बीदासर और ढढेरू गांव में अवैध और गैर कानूनी गतिविधियों से अर्जित अकूत सम्पत्ति है, तथा अवैध निर्माण कार्य भी कर रखा है। अन्य आरोपीगण ने भी अपने अपने निवास स्थान पर इसी प्रकार से अवैध निर्माण कार्य और अवैध सम्पत्ति संचित कर रखी है। गुरूवार को नगर पालिका बीदासर द्वारा अवैध निर्माण मानकर निर्माणाधीन मकान को सीज किया है। सीज कर खानापूर्ति की गई है। उनके द्वारा करवाए गए अवैध निर्माण को तुरंत प्रभाव से तुड़वाकर अपराधियों के होशले पस्त करना अतिआवश्यक था, तथा अपराधियों के नाम से जारी शराब की दुकानों का लाइसेंस भी तुरंत प्रभाव से निलम्बित करने की भी मांग की है। ऐसे में अपराधियों को शराब की दुकानों के संचालन का कार्य दिया जाता है, तो भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति की प्रबल संभावना है। देवीसिंह खेरिया जो कि बीदासर पुलिस थाना को एचएस है, फर्जी पास्टपोर्ट बना रखा है, जिसने कुछ समय पहले विदेश यात्रा की है। जो फिर से फरार होकर विदेश भागने की फिराक में है। ग्रामिणों ने नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी ना होने पर बाजार बंद करने व धरना प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में माणकचंद मंडा, सीताराम धेड़ू, सुरजाराम सिंघड़, शंकर लाल, परमेश्वर लाल, सांवरमल, गिरधारी लाल, चुनीलाल, राजूराम सहित सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रमजानुल मुबारक के 16 वां रोज का मीरजी दरगाह में हुआ इफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संसार चंद्र रोड स्थित ऐतिहासिक दरगाह मीर कुर्बान अली में शुक्रवार को 16वें रोजे के अवसर पर भव्य इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशकों से चली आ रही इस परंपरा में इस बार भी जयपुर भर से हजारों की तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की। शाम को अजान के साथ ही दरगाह परिसर अल्लाह-हू-अकबर की सदाओं से गूंज उठा और सभी ने एक दस्तरख्वान पर बैठकर रोजा खोला।

### अमन और भाईचारे के लिए उठे हाथ

इफ्तार से पहले आयोजित विशेष दुआ में मुल्क और दुनिया में अमन-सुकून कायम रहने की प्रार्थना की गई। दरगाह के सज्जादानशीन डॉ. सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाजी ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान वैश्विक हालातों में मासूमों का खून बहना चिंताजनक है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह दुनिया से जंग के बादल छांटे, हक को फतह नसीब हो और आपसी सौहार्द बना रहे। नायब सज्जादा नशीन सैय्यद फैज उर रहमान नियाजी ने सभी की इबादतों की कुबूलियत और नेक जिंदगी की दुआ मांगी।

### शहीदों को दी गई खिराजे अकीदत

कार्यक्रम के दौरान हाल ही में हुए हमलों में शहीद हुए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली ख़ामेनाई की पहली पंक्ति की लीडरशिप और उनके परिजनों को याद करते हुए खिराजे अकीदत श्रद्धांजलि पेश की गई। दुआ में इस बात पर जोर दिया गया कि एक व्यक्ति की जिद के कारण हजारों बेगुनाह अपनी जान गंवा रहे हैं, ऐसी परिस्थितियों से मानवता की हिफाजत हो।

### सियासी और सामाजिक हस्तियों का जमावड़ा

गंगा-जमुनी तहजीब के इस कार्यक्रम में शहर की कई दिग्गज हस्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें प्रमुख रूप से सुनील शर्मा, अध्यक्ष डीसीसीए आर.आर. तिवारी पूर्व अध्यक्ष, डीसीसी, ज्योति खंडेलवाल प्रवक्ता भाजपाएएम सादिक खान पूर्व अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा और शरद खंडेलवाल व अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। दरगाह प्रबंधन के अनुसार यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रेम का प्रतीक है, जहाँ हर साल हजारों लोग बिना किसी भेदभाव के शामिल होते हैं।

## नेशनल डेंटिस्ट दिवस पर डॉक्टर का किया सम्मान

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** नेशनल डेंटिस्ट दिवस पर स्थानीय लोगों ने डॉक्टर धर्मेंद्र कुमावत का सम्मान किया। डॉक्टर धर्मेंद्र कुमावत को ब्राह्मण महासभा तथा युवा विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, सुरेश पारीक, बनवारी लाल बाजिया, अशोक डाक वाला, धनेश आदि ने दुपट्टा एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर गोविंद शर्मा ने बताया कि डॉक्टर धर्मेंद्र कुमावत की सेवाएं सराहनीय है इसलिए सम्मान के सच्चे हकदार हैं।

## मनचलों की अब खैर नहीं : कालिका ने 2 माह में 157 को भेजा जेल

### 1 लाख से अधिक को दी सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने मनचलों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ा शिकंजा कसा है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन में इस यूनिट ने शैक्षणिक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल्स, मॉल्स और पार्कों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी निगरानी रखी है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों जनवरी और फरवरी में ही छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने वाले 157 मनचलों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। वहीं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मास्टर ट्रेनर्स ने स्कूलों और कॉलेजों में जाकर बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक 1,01,759 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। साथ ही, सार्वजनिक परिवहन जैसे लो.फ्लोर और सिटी बसों में यात्रा करने वाली 36,903 महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। यूनिट ने सुरक्षा को डिजिटल बनाने की दिशा में भी काम किया है। लगभग 16,164 महिलाओं को श्राजकॉप सिटीजन ऐप के बारे में जानकारी देकर उनके मोबाइल में इसे डाउनलोड करवाया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि महिलाएं विषम परिस्थितियों में तत्काल सहायता के लिए निर्भया हेल्पलाइन के नंबरों पर लिखित, ऑडियो या वीडियो संदेश भेज सकती हैं। यह हेल्पलाइन 24 घंटे कार्यशील है।

## फागोत्सव : होली धमाल मस्ती में खेली फूलों की होली



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में होली धमाल मस्ती फागोत्सव- रंगीलों फागण आयो का आयोजन किया गया। इस मौके पर दम्पति सदस्यों के सानिध्य में फूलों की होली खेली गई व रंगारंग कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल माधोराजपुरा एवं सचिव सुशील जैन टोडारायसिंह ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में मुहाना मण्डी रोड स्थित सुमेर पैराडाईज रिसोर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम का आगाज मोकार महामंत्र के तीन बार सामूहिक उच्चारण एवं अतिथियों के सानिध्य में भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से किया गया। अतिथि के रूप में नरेन्द्र- मीना जैन समाजसेवी शामिल हुए। अतिथियो का सम्मान मुख्य संयोजक नितेश- मीनू पाण्ड्या एवं मनीष-श्वेता बाकलीवाल, सह संयोजक मनीष-सीमा सेठी एवं नरेश- सोनिया जैन प्लेटिना ने किया। इस मौके पर होलिया में उडे रे गुलाल, रंग बरसे भीगे चुनर वाली, रंग मत डालो होली खेले रघुवीरा जैसे गीतों पर ग्रुप दम्पति सदस्यों ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किए । महिलाओं ने गुलाबी साड़ी तथा पुरुषों ने सफेद कुर्ता पाजामा पहने हुए फूलों की होली खेली। इस मौके पर कपल गेम्स एवं बच्चों के मनोरंजक गेम खिलाए गए। विजेताओं को ग्रुप की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह में निकलेगी 551 महिलाओं की कलश यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री साई नाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में व श्री साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन शनिवार से राजापार्क, सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क में किया जाएगा।

13 मार्च तके चलने वाले इस आयोजन में व्यास पीठ से जगदगुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती जयपुरवासियों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को दोपहर 2 बजे से आदर्शनगर के भाटिया भवन से 551 महिलाओं की निकलने वाली कलश यात्रा से होगा। बैंड बाजे के साथ निकलने वाली इस कलश यात्रा का विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल राजापार्क, सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क पहुंचेगी। इस दौरान मार्ग में जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब यह कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी, वहीं पर व्यास पीठ से जगदगुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती भागवत कथा के महात्म्य सहित अन्य प्रसंगों की कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के तहत 8 को श्री शुक्रदेव जी का आगमन व चतुश्लोकी भागवत 9 को ध्रुव चरित्र व प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाएंगे। महोत्सव के तहत 10 को भगवान श्री रामचरित्र व श्रीकृष्ण चरित्र के बाद नंदोत्सव मनाया जाएगा। 11 को भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला के बाद गोवर्धन पूजा व 56 भोग सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 12 को रासलीला के बाद रुकमणि विवाह की कथा के बाद अंतिम दिन सुदामा चरित्रएपरीक्षित मोक्ष के बाद कथा की पूर्णाहुति के बाद पोथी विदाई होगी। कथा रोजाना साम 4बजे से रात्रि 8बजे तक होगी।

## प्रतिभा खोज परीक्षा कल

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** संस्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस दांता की संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी द्वारा एस-शाइन प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 8 मार्च, रविवार को किया जाएगा।

संस्कार एज्युकेशन ग्रुप के निदेशक प्रकाश भाकर ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों की बौद्धिक प्रतिभा का मूल्यांकन कर उन्हें नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न और उचित छात्रवृत्ति प्रदान करना है। परीक्षा तीसरी कक्षा से नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए होगी जो सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी।

कक्षा 3 से 5 तक के छात्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों माध्यमों से भाग ले सकेंगे जबकि कक्षा 6 से 9 तक केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्र ही शामिल हो सकेंगे। प्रश्नपत्र एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र और टी-शर्ट भेंट की जाएगी।

ऑफलाइन पंजीकरण के इच्छुक छात्र संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी से संपर्क कर सकते हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी भोजराज सिंह के नाम पर विद्यालय का नामकरण

### ऐतिहासिक समारोह आज, विधायक वीरेन्द्र सिंह करेंगे लोकार्पण

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांतारामगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत भारीजा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारीजा का नामकरण अब स्वतंत्रता सेनानी स्व भोजराज सिंह के नाम पर किया गया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर 7 मार्च 2026 को दोपहर 12:15 बजे विद्यालय परिसर में नामकरण एवं लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह के करकमलों से विद्यालय के नामकरण के साथ-साथ ग्राम पंचायत भारीजा में विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, ग्रामीणजन तथा विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### देशभक्ति और त्याग की मिसाल रहे भोजराज सिंह

स्वतंत्रता सेनानी स्व. भोजराज सिंह का जन्म 2 अगस्त 1920 को सीकर जिले की दांतारामगढ़ तहसील के ग्राम भारीजा में हुआ था। उनके पिता उदय सिंह राजपूत थे। उन्होंने वर्ष 1941 में भारतीय सशस्त्र सेना में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया और बाद में जापान पहुंचे। जापान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ओजस्वी भाषण से प्रेरित होकर वे आजाद हिंद फौज में शामिल हो गए। उन्होंने शाहनवाज खान के साथ मिलकर अंग्रेजों की सेना के विरुद्ध युद्ध में भाग लिया और विदेशी फौजों का साहसपूर्वक मुकाबला किया। युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने उनकी फौज को बंदी बना लिया और उन्हें रंगून से मुल्तान जेल में कैद कर दिया गया। भारत की स्वतंत्रता के बाद ही उन्हें रिहा किया गया।




### इंदिरा गांधी ने किया ताम्रपत्र से सम्मानित

स्वतंत्रता सेनानी भोजराज सिंह की वीरता और योगदान को सम्मान देते हुए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने स्वतंत्रता के 25वें वर्ष के अवसर पर उन्हें ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त इंडियन नेशनल आर्मी के ज्वाइंट सेक्रेट्री जगदेव सिंह ने 21 मार्च 1969 को उन्हें स्वतंत्रता सेनानी के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर

स्वतंत्रता सेनानी भोजराज सिंह का 28 अगस्त 1992 को उनके पैतृक गांव भारीजा में निधन हो गया। लंबे समय से ग्रामीणों और उनके परिवार की मांग थी कि इस वीर सपूत की स्मृति को जीवित रखने के लिए गांव में स्मारक बनाया जाए और विद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा जाए।

अब विद्यालय का नामकरण उनके नाम पर होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और सम्मान की बात है। यह निर्णय नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित करेगा।

## पराक्रम की विरासत : भारतीय सेना चूरू में गौरव सेनानी समारोह का आयोजन करेगी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन द्वारा 08 मार्च 2026 को चूरू के साई स्पोर्ट्स स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य जिले की सभी आठ तहसीलों से आने वाले पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीरांगनाओं का सम्मान करना तथा उनसे संवाद स्थापित करना है। इस रैली में 6000 से अधिक पूर्व सैनिकों के अभूतपूर्व संख्या में भाग लेने की संभावना है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यक्रम में सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह तथा भारतीय सेना एवं नागरिक प्रशासन के अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भारतीय सेना द्वारा अपने पूर्व सैनिक समुदाय की गरिमा और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी। वर्तमान के जिओ-पोलिटिकल परिस्थितियाँ अत्यंत अनिश्चित और परिवर्तनशील हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि राष्ट्र की सुरक्षा के सभी आयामों में हम पूर्ण रूप से तैयार रहें। ऐसे परिदृश्यों में हमारे पूर्व सैनिक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्र की सुरक्षा के द्वितीय एवं तृतीय सुरक्षा पंक्ति के रूप में दृढ़ता से खड़े रहते हैं। उनका अनुभव, क्षेत्रीय विशेषज्ञता और अटूट राष्ट्रभक्ति उन्हें राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर एक सशक्त शक्ति बनाती है। यह रैली पूर्व सैनिकों को पुनः राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। पूर्व सैनिक रैली के माध्यम से भारतीय सेना अपने पूर्व सैनिकों के देशभक्ति पूर्ण योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक व्यापक कल्याणकारी व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। इस दौरान स्पर्श पेंशन सेवाएँ, रिकॉर्ड कार्यालयों तथा सीडीए द्वारा सहायता और पेंशन तथा बैंकिंग संबंधी सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। नागरिक प्रशासन के स्टॉल राजस्व एवं विधिक मामलों से संबंधित शिकायतों के समाधान, आधार सेवाएँ तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट आर्गेनाईजेशन, कॉर्पोरेट क्षेत्र और बैंकों के प्रतिनिधि पूर्व सैनिकों को सम्मानजनक पुनः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। रैली के दौरान एक व्यापक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ परामर्श तथा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। पूर्व सैनिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से ई.स्कूटरए वॉकर, श्रवण यंत्रए मरीजों के लिए बेड तथा व्हीलचेयर जैसी सहायक सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर आधुनिक सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन तथा एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जो भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं, जज्बे और युद्धक क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा। इस समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को राष्ट्र के प्रति उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। गौरव सेनानी समारोह भारतीय सेना और उसके पूर्व सैनिकों के बीच अटूट संबंध को पुनः सुदृढ़ करेगा तथा उनके सम्मान, गरिमा और कल्याण के प्रति सेना की अडिग प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करेगा।

## हनुमानजी महाराज की आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के मणोत हॉस्पिटल मार्ग पर बीदासर निवासी एवं बैंगलोर, चेन्नई अमेरिका के डलास प्रवासी गिड़िया परिवार के सौजन्य से स्व. हनुमानमल, श्रीकंवरी व डूंगरमल गिड़िया की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व हनुमान अतिथि गृह का लोकार्पण के पश्चात गुरुवार की रात्रि में भजन कीर्तन व रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। रात्रि जागरण का शुभारंभ मंदिर में हनुमान जी की महाआरती व महाज्योत के पश्चात हुआ। रात्रि जागरण में स्थानीय कलाकार नवदीप ओसवाल ने कीर्तन किए। जिसमें जागण की है रात बाबा आज थान आणों है, श्रीराम जी चले ना हनुमान के बिना, जीमों जीमों बाबा भक्त लायों चुरमों सहित अनेक बालाजी की भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व रात्रि में मंदिर प्रांगण में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। महा जागरण में गिड़िया परिवार के पन्नालाल, कन्हैया लाल, हंसराज, कमल, निलेश, नवीन, प्रवीण, नितेश, मनीष, अरिहंत गिड़िया सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190